mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-269 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
28 सितंबर 2024 शनिवार

दैनिक मीडिया ऑडीटर

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित

कानपुर टेस्ट में ...
@ पेज 7

अलविदा मेरे प्यारे ट्राम!

खत्म होने वाली है कोलकाता की 150 साल पुरानी धरोहर

1873 में घोड़ागाड़ी के रूप में हुई थी शुरुआत,बंद करने का विरोध भी

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल सरकार के परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने घोषणा की है कि कोलकाता की प्रतिष्ठित ट्राम जल्द ही बंद कर दी जाएंगी। हालांकि उन्होंने मैदान से एस्प्लेनेड तक एकमात्र विरासत रूट को जारी रखने का फैसला किया है। कोलकाता भारत का एकमात्र ऐसा शहर है जहां ट्राम सेवा अभी तक चल रही है। हाल ही में इसने अपनी 150वीं वर्षगांठ मनाई है। इससे लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं और कई ट्राम प्रेमियों ने इस फैसले का विरोध करने का फैसला किया है। चक्रवर्ती ने कहा कि धीमी गति से चलने वाली ट्राम असुविधाजनक हैं क्योंकि यात्रियों को परिवहन के तेज साधनों की जरूरत होती है। कहा जाता है कि ट्राम जब पहली बार कोलकाता में शुरू की गई थी, तब आने-जाने का सबसे लोकप्रिय साधन थीं।

ब्रिटिश राजधानी कलकत्ता में 1873 में शुरू की गई पहली ट्राम घोड़ों से खींची जाती थी। वे सियालदाह और अर्मेनियाई घाट स्ट्रीट के बीच 3.8 किमी के रास्ते पर चलती थीं। हालांकि, आर्थिक मुद्दों के कारण उन्हें एक साल के भीतर ही बंद कर दिया गया।

संक्षिप्त समाचार

'बीजेपी सरकार में न डीलर बचे न दलाल

दामाद का तो सवाल ही नहीं है

- रेवाड़ी में गरजे अमित शाह, कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टियों पर साधा निशाना

चंडीगढ़ (एजेंसी)। हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दलों ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। ऐसे में हर कोई उम्मीदवार अपनी जीत का दावा कर रहा है। इस बीच बीजेपी-कांग्रेस के दिग्गज नेता राज्य में जनता को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए जोर आजमाइश कर रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रेवाड़ी में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टियों पर जमकर निशाना साधा। रेवाड़ी में जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस की सरकारें

कट, कमीशन और भ्रष्टाचार पर चलती थीं। पिछले 10 साल में भाजपा ने भ्रष्टाचार को समाप्त किया और समान रूप से विकास किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पिछली कांग्रेस सरकार में 'दलाल' और 'डीलर' रोजगार देते थे। अमित शाह ने कांग्रेस की कर्नाटक और तेलंगाना सरकारों पर सवाल दागे। शाह ने पूछा कि कर्नाटक और तेलंगाना में कितनी फसलें एमएसपी पर खरीदी गईं। अमित शाह ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार थी, कट, कमीशन और करप्शन से चलती थी। डीलर, दलाल और दामादों का राज चलता था। भाजपा सरकार में न डीलर बचे न ही दलाल बचे, दामाद का तो सवाल ही नहीं है। हरियाणा सुपर 100 के नए कैंपस का शिलान्यास हमने किया। एम्स को रेवाड़ी में लाने में राव इंद्रजीत का अहम रोल है।

जमानत की शर्तों को जेल में रखने का टूल ना बनाएं

- सुप्रीम कोर्ट की ईडी पर सख्त टिप्पणी

जमकर सुनाया

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जमानत देने की सख्त शर्तों को लागू करके किसी को लंबे समय तक जेल में रखना उचित नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पीएमएलए, यूएपीए और एनडीपीएस ऐक्ट के मामलों में जल्द से जल्द निपटारा करने की जरूरत है। सुनवाई में देरी और जमानत देने में सख्त

नियमों को लागू करके आरोपी को जेल में ही कैद रखना ठीक नहीं है। तमिलनाडु के पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज की बेंच ने कहा कि कार्यपालिका को भी उन कानूनों पर ध्यान देना चाहिए जिनमें आरोपी पर ही खुद को निर्दोष साबित करने की जिम्मेदारी होती है। कोर्ट ने कहा कि यह मामला 2022-2016 के दौरान का है जब सेंथिल बालाजी परिवहन मंत्री हुआ करते थे।

पश्चिम एशिया में बड़े युद्ध की आहट! डरी दुनिया

इजरायल और हिजबुल्लाह के संघर्ष में और देशों के शामिल होने की आशंका

तेलअवीव (एजेंसी)। पश्चिम एशिया में जारी दो बड़े संघर्षों ने पूरे विश्व को चिंता में डाल दिया है। इजरायल एक साथ हिजबुल्लाह और हमास के साथ युद्ध में उलझा हुआ है। कई विश्लेषक और नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर शांति नहीं स्थापित हुई तो और देश भी इस संघर्ष में उलझ सकते हैं और यह संकट पूरे मध्य पूर्व को अपनी चपेट में ले सकता है। फिलहाल जो हालात हैं वे ज्यादा उम्मीद नहीं बांधते हैं। लेबनान में इजरायल के हवाई हमले जारी हैं। हिजबुल्लाह के साथ संघर्ष में भी इजरायल वहीं भाषा बोल रहा है जो हमास के साथ लड़ाई में बोलता रहा है। इस बार भी उसका कहना है कि हिजबुल्लाह के खात्मे तक उसकी कार्रवाई जारी रहेगी। हालांकि करीब साल भर के मिलिट्री ऑपरेशन के बाद वह गाजा में हमास को खत्म नहीं कर पाया है। यहूदी राष्ट्र ने गुरुवार को इस बात से इनकार किया कि वह लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह और लेबनानी राजनीतिक दलों के साथ युद्धविराम पर सहमत हो गया है। बता दें अमेरिका और सहयोगी देशों ने 21 दिनों के युद्धविराम की अपील की थी।

सरकार बदलते ही बांग्लादेश में बेलगाम हुए कट्टरपंथी

- दुर्गा पूजा से पहले हिंदुओं को दिया अल्टीमेटम

जमकर धमकाया

नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के हटने के साथ ही अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के लिए मुसीबतें बढ़ रही हैं। बंगालियों का सबसे बड़ा त्योहार, दुर्गा पूजा नजदीक आने के साथ ही कट्टरपंथी इस्लामी समूह त्योहार को खुले तौर पर मनाने का विरोध कर रहे हैं। ये कट्टरपंथी त्योहार के दौरान देशव्यापी छुट्टियों के खिलाफ हैं। जी बांग्ला की खबर के अनुसार, हाल ही में कट्टरपंथी समूहों ने ढाका के सेक्टर 13 में एक मार्च भी निकाला, जिसमें हिंदुओं द्वारा दुर्गा पूजा के लिए खेल के मैदान के इस्तेमाल का विरोध किया गया। इंसाफ कीमकारी छात्र-जनता नामक एक संगठन ने विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें बांग्ला में तख्तियों पर लिखा था, सड़कें बंद करके कहीं भी पूजा नहीं की जाएगी, मूर्ति विसर्जन से जल प्रदूषण नहीं होगा।

स्कूल की तरक्की के लिए बच्चे की हत्या

- मालिक का तांत्रिक पिता गिरफ्तार, शव को कार में डालकर ठिकाने लगाने जा रहा था

हाथरस (एजेंसी)। यूपी के हाथरस में एक स्कूल की तरक्की के लिए 11 साल के छात्र की हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, पकड़ लिया। साथ ही मैनेजर समेत 4 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया। वारदात 23 सितंबर की है। पुलिस ने इसका खुलासा 26 सितंबर को किया।

स्कूल के मालिक के पिता ने इस वारदात को अंजाम दिया। मैनेजर का पिता तांत्रिक है। उसका मानना था कि बच्चे की बलि देने से स्कूल की तरक्की होगी। हत्या के बाद आरोपी शव को कार में डालकर ठिकाने लगाने जा रहा था। इसी दौरान बच्चे के घरवालों की शिकायत पर पुलिस ने उसे मामला सहपऊ थाना क्षेत्र का है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि कृतार्थ की हत्या गला दबाकर की गई है। उसके गले पर चोट के निशान थे। बच्चे के पिता ने मैनेजर दिनेश बघेल सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

कांग्रेसियों की बयानबाजी पर राहुल को देनी पड़ी सफाई

कहा-

- हरियाणा में 2 लाख सरकारी नौकरी देंगे, हर जाति को बराबर मिलेगी

चंडीगढ़ (एजेंसी)। हरियाणा चुनाव में राहुल गांधी को पहले दौरे पर ही कांग्रेस नेताओं की बड़बोली बयानबाजी पर सफाई देनी पड़ गई। यह बयान सरकारी नौकरियों को लेकर थे। जिसमें कांग्रेस के उम्मीदवार ही वोट पाने के लिए कहीं हिस्से बांट रहे थे तो कहीं कोटा फिक्स कर रहे थे। वहीं विपक्ष भी आरोप लगा रहा था कि कांग्रेस की सरकार बनी तो सिर्फ जाट कम्युनिटी को ही नौकरियां मिलेंगी। इस पर कल हिसार रैली में राहुल गांधी ने कहा- सबसे जरूरी बात सुनिए, जो 2 लाख नौकरियां दी जाएंगी। हरियाणा के युवाओं को दी जाएंगी।

नीतिश ने बिहार चुनाव से पहले तैयार की अपनी 'पांडव सेना'!

- अपनी सेना को थमाई 'अर्जुन' से लेकर 'भीम' जैसी जिम्मेवारी

नीतिश की इस सेना के सियासी लक्ष्य हैं लालू और उनके लाल

पटना (एजेंसी)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के बारे में एक बात दावे के साथ कही जा सकती है, वो ये कि नीतिश कब क्या करेंगे, किसी को नहीं पता। हाल का उदाहरण ले लीजिए, उनके मंत्री अशोक चौधरी ने कुछ ऐसा ट्वीट किया, जिसके मायने सीएम नीतीश से जोड़ कर निकाले जाने लगे। बात उन्होंने बढ़ती उम्र के बारे में की थी। इसी बीच उन्हें सीएम आवास बुलाया गया। लोगों को लगा कि इनकी छुट्टी होगी लेकिन हुआ कुछ और... दरअसल अशोक चौधरी नीतीश के 'पांडव प्लान' का हिस्सा हैं। बिहार के सीएम नीतिश कुमार ने चुन-चुन कर पांच लोगों को जिम्मेदारी सौंपी है। माना जा रहा है कि इन्ही पांच

नेताओं यानी 'पांडवों' को नीतिश ने बिहार चुनाव की जिम्मेदारी अप्रत्यक्ष रूप से सौंप दी है। किसी के हाथ में रथ है तो किसी के हाथ में 'तीर'। हर किसी की अलग-अलग जिम्मेवारी है। यानी जिसकी जैसी काबिलियत उसकी वैसी भूमिका। इसमें पहले पांडव हैं संजय झा। इन्हें नीतिश का 'धर्मराज' भी कह सकते हैं। मानेगा कोई नहीं, लेकिन इसे सच के करीब ही मानिए कि तिबारा नीतिश कुमार को एनडीए में लाने की पहल करने वाले संजय झा ही थे। शायद इसीलिए सीएम नीतिश कुमार ने इन्हें सबसे बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। संजय झा को बिहार विधानसभा चुनाव से पहले जदयू का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। दूसरे नंबर पर हैं पूर्व आईपीएस मनीष वर्मा। सीएम नीतिश कुमार ने इन्हें न सिर्फ जेडीयू में आरपी सिंह की जगह लाकर खड़ा किया बल्कि 4 माह का 'अज्ञातवास' भी दिया। 'नकुल' की तरह अज्ञातवास का मतलब ये नहीं कि इन्हें सजा मिली, इन्हें 4 महीने के लिए बिहार घूमने की जिम्मेदारी दी गई है। शायद चुनाव से पहले नीतिश बिहार की ग्राउंड रिएयलिटी जानना चाहते हैं।

जैसे कलाम राष्ट्रपति बने, वैसे ही ओसामा आतंकी बना

- एनसीपी नेता आव्हाड की पत्नी के बयान पर महाराष्ट्र में बवाल

मुंबई (एजेंसी)। नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी- शरदचंद्र पवार के नेता जितेंद्र आव्हाड कि पत्नी ऋता आव्हाड ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम से आतंकी ओसामा बिन लादेन की तुलना की है। ऋता आव्हाड गुरुवार को ठाणे में एक कार्यक्रम में पहुंची थीं। वहां उन्होंने शिक्षा के महत्व पर भाषण में छात्रों से कहा कि सभी को लादेन की बायोग्राफी पढ़नी चाहिए, ताकि वह समझ सकें कि वह आतंकी कैसे बना। आव्हाड ने कहा, जिस तरह अब्दुल कलाम राष्ट्रपति बने, उसी तरह लादेन आतंकी बना था। लादेन मां के पेट से आतंकी बनकर पैदा नहीं हुआ था। उसे समाज ने आतंकी बनने के लिए मजबूर किया। भाजपा बोली- इंडिया गठबंधन के नेता अफजल-कसाब का भी बचाव कर चुके भाजपा ने इस बयान पर ऋता आव्हाड और एनसीपी-शरद की आलोचना की। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक्स पर लिखा, एनसीपी शरद पवार गुट के नेता जितेंद्र आव्हाड की पत्नी ओसामा बिन लादेन की प्रशंसा करती हैं।

अरुणाचल प्रदेश में पहाड़ के नामकरण पर बौखलाया चीन

बोला-यह अवैध और अमान्य,जंगनान का क्षेत्र चीनी क्षेत्र है

नई दिल्ली (एजेंसी)। चीन और भारत ने जहां पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैनिकों को पीछे हटाने पर आम सहमति बना ली है, वहीं दूसरी ओर बीजिंग ने एक बार फिर अरुणाचल प्रदेश पर अपने दावों को दोहराया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने गुरुवार को भारतीय पर्वतारोहियों के एक समूह द्वारा राज्य में एक अनाम चोटी का नाम छठे दलाई लामा के नाम पर रखने पर नाराजगी व्यक्त की। बीजिंग में एक मीडिया ब्रीफिंग में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा, भारत के लिए चीनी क्षेत्र में 'अरुणाचल प्रदेश' बसाना अवैध और अमान्य है। चीन का यह बयान रक्षा मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय

पर्वतारोहण और साहसिक खेल संस्थान के एक अभियान के बाद आया है। निदेशक कर्नल रणवीर सिंह जामवाल के नेतृत्व में एक टीम ने अरुणाचल प्रदेश में 20,942 फीट ऊंची एक अनाम और अज्ञात चोटी पर चढ़ाई की और शिखर का नाम छठे दलाई लामा त्सांगयांग ग्यात्सो के नाम पर रखने का फैसला किया, जिनका जन्म 1682 में मोन तवांग क्षेत्र में हुआ था। रक्षा मंत्रालय की प्रेस रिलीज के अनुसार, शिखर का नाम छठे दलाई लामा त्सांगयांग ग्यात्सो के नाम पर रखने का निर्णय उनकी बुद्धिमत्ता और मोनपा समुदाय और उससे परे उनके गहन योगदान के लिए श्रद्धांजलि के रूप में किया गया था। उन्होंने कहा कि जंगनान का क्षेत्र चीनी क्षेत्र है।

संक्षिप्त समाचार

म.प्र. राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग द्वारा 4645 प्रकरण निराकृत - उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री राजपूत

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि उपभोक्ताओं के हित में मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग द्वारा लगातार निर्णय किये जा रहे हैं। विभिन्न जिला आयोग द्वारा एक जनवरी से 31 अगस्त 2024 तक 4645 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। प्रशासनिक अधिकारी मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग ने जानकारी दी है कि जिला गुना 484, सागर 223, भोपाल नं-1 174, भोपाल नं-2 254, छतरपुर 203, सीहोर 197, अशोकनगर 197, जबलपुर नं-1 112, जबलपुर नं-2 189, दमोह 188, इंदौर नं-1 72, इंदौर नं-2 173, नर्मदापुरम 155, ग्वालियर 168, रतलाम 114, रीवा 108, टीकमगढ़ 107, हरदा 103, उज्जैन 100, मुरैना 123, नरसिंहपुर 107, विदिशा 101, शाजापुर 102, मंदसौर 68, छिन्दवाड़ा 64, सतना 61, कटनी 61, राजगढ़ 60, देवास 56, शहडोल 54, खण्डवा 51, पन्ना 44, शिवपुरी 46, बालाघाट 46, भिण्ड 40, सिवनी 39, दतिया 33, झाबुआ 32, नीमच 21, बड़वानी 19, मण्डला 18, सीधी 15, अनूपपुर में 15, धार 12, मण्डलेश्वर 12, बुरहानपुर 9, डिण्डोरी 8 और उमरिया में 7 प्रकरणों का निराकरण किया गया है।

मक्सी में हुई जनहानि में दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शाजापुर जिले के मक्सी में आपसी विवाद के बाद से हुई जनहानि पर दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि दोषियों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने देर रात हुई घटना के संज्ञान में आते ही पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को कड़ी कार्यवाही करने एवं घायलों के समुचित इलाज कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कानून-व्यवस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाशत नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि घटना में संलिप्त दोषियों की पहचान कर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश में सौहार्द एवं शांति बनाए रखने के लिए हम कटिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर कमिश्नर और आईजी उज्जैन रेंज ने मक्सी का दौरा किया।

पशु संगणना में भारत विश्व में प्रथम

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र में भारत विश्व के अग्रणी देशों में शामिल है। पशु संगणना में जहां भारत का विश्व में प्रथम स्थान है, वहीं विश्व में सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन भी भारत में ही होता है। विश्व के सकल दुग्ध उत्पादन का 25 प्रतिशत भारत में होता है। भारत में कृषि उत्पादन में पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र का 30 प्रतिशत योगदान है। मध्य प्रदेश किसान क्रेडिट कार्ड (पशुपालन) सहित अन्य योजनाओं में भारत में अग्रणी है। अगले माह मध्य प्रदेश सहित पूरे भारत में 21वीं पशु संगणना प्रारंभ होने वाली है। पशु संगणना में इस बार डाटा कलेक्शन का पूरा कार्य ऑनलाइन किया जाएगा। यह जानकारी आज प्रदेश में 21 वीं पशु संगणना 2024 की तैयारियों के संबंध में संचालनालय, पशु चिकित्सा एवं डेयरी के सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में दी गई। कार्यशाला में भारत सरकार की मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी विभाग की सचिव श्रीमती अलका उपाध्याय द्वारा पशु संगणना 2024 की तैयारियों के संबंध में ऑन लाइन संदेश दिया गया। कार्यशाला का शुभारंभ संचालक पशुपालन एवं डेयरी श्री पी. एस. पटेल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला में पूरे प्रदेश के पशु चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे। कार्यशाला में बताया गया कि21वीं पशु संगणना मध्य प्रदेश के 55 जिलों के एक करोड़ 80 लाख परिवारों में घर-घर जाकर की जानी है। पशु संगणना में इस बार जब संगणक पशुओं की गणना करेंगे तब वे प्राप्त आंकड़ों को सीधे अपने टैब के माध्यम से पशु गणना सॉफ्टवेयर में भरेंगे। इस बार संगणना में पशुओं की नस्लों का भी विवरण दिया जाएगा। इसके लिए जब वे पशुओं का फोटो स्कैन करेंगे तब सॉफ्टवेयर के माध्यम से पशुओं की नस्ल की जानकारी मिल जाएगी। पूरे प्रदेश में पशु गणना के लिए 5264 इकाई ग्राम एवं 728 शहरी वार्ड निर्धारित किए गए हैं। पशु संगणना के लिए ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक 3000 परिवार एक संगणक और शहरी क्षेत्र में प्रत्येक 4000 परिवार एक संगणक नियुक्त किए गए हैं। उनके ऊपर सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। कुल 5558 संगणक नियुक्त किए गए हैं, जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों में 4141 और शहरी क्षेत्र में 1417 संगणक बनाए गए हैं। कुल 970 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं, जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों में 828 एवं शहरी क्षेत्र में 142 हैं। पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 21वीं पशुधन गणना के लिए मध्य प्रदेश मैं प्रभावी रणनीति बनाकर उसे क्रियान्वित करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पशुधन गणना के लिए कार्य प्रणाली और दिशा निर्देशों पर विस्तृत सत्र, मोबाइल एप्लीकेशन और डैशबोर्ड सॉफ्टवेयर पर प्रशिक्षण के साथ ही प्रतिभागियों के प्रश्न और समस्याओं का समाधान भी किया गया।

भारिया जनजातीय समुदाय के संवाद कार्यक्रम को राज्यपाल पटेल ने किया संबोधित

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने ग्राम सिधौली में आयोजित भारिया जनजातीय समुदाय के संवाद कार्यक्रम संबोधित करते हुये कहा कि प्रत्येक जनजातीय व्यक्ति के विकास के लिए राज्य एवं केंद्र सरकार कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री जन-मन योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजातियों को प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं के लाभ से लाभान्वित करने का कार्य सम्पूर्ण देश के साथ मध्यप्रदेश में भी अभियान के रूप से चलाया जा रहा हैं। उन्होंने कहा योजना से मध्यप्रदेश की बैगा, भारिया एवं सहरिया विशेष पिछड़ी जनजातीय बसाहटों में सड़क, बिजली, पानी, स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त जनजातीय परिवारों को सभी मूलभूत योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि योजना के लाभ लेकर विशेष पिछड़ी जनजातीय वर्ग के व्यक्तियों का जीवन सरल हो सकेगा तथा योजना का लाभ लेकर भी समाज की मुख्य धारा से जुड़

सकेगें। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा है कि सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के लिए व्यापक जागरूकता आवश्यक है। सिकल सेल एनीमिया के प्रभावी रोकथाम के लिए प्रबंधन और इलाज में हर समुदाय और व्यक्ति को सहभागी बन कर मानवता की सेवा करनी होगी। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि केन्द्र सरकार ने वर्ष 2025 तक भारत को टीबी और वर्ष 2047 तक सिकल सेल एनीमिया मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। इसे पूरा करने के लिए हम सभी को आगे आना होगा और सरकार का सहयोग करना होगा। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया अनुवांशिक रोग है। इसके उन्मूलन के लिए हर परिवार में जाकर कॉउंसलिंग एवं स्क्रीनिंग करना होगा। साथ ही आँगनवाड़ी केंद्रों में गर्भवती महिलाओं की जाँच करते समय उनके परिवार की बीमारी का इतिहास भी पता करना होगा। उन्होंने कहा कि आँगनवाड़ी केन्द्र, प्राथमिक, माध्यमिक, हायर सेकेंडरी स्कूल और कॉलेजों में जाकर बच्चों की भी समय-समय पर सिकल सेल एनीमिया की जाँच करनी होगी। उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के लिए चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों और नीतिगत प्रावधानों की जानकारी भी दी। राज्यपाल श्री पटेल ने उपस्थित लोगों से अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से शिक्षित करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति शिक्षित होकर ही समाज में आगे बढ़ सकता हैं।

चिन्हित रोगियों को उपयुक्त अस्पतालों में भेजकर उपचार कराया जायेगा-वन मंत्री रावत

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री रामनिवास रावत ने कहा कि चिन्हित रोगियों को उपयुक्त अस्पतालों में भेजकर उपचार कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति में शामिल सहरिया समुदाय के शिक्षित युवाओं को बिना प्रतियोगी परीक्षा के न्यूनतम योग्यता के आधार पर विभिन्न विभागों में नौकरी दिलाने के प्रयास किये जायेंगे। वन मंत्री श्री रावत श्योपुर जिले के ग्राम कराहल स्थित वृंदावन गार्डन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा कि स्वभाव

स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता'' की थीम पर आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी जागरूक होकर अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाने में अपनी भूमिका निभायें। श्री रावत ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिये पौध-रोपण भी करें। वन मंत्री श्री रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा कराहल आगमन के समय की गई घोषणा के अनुसार वन विभाग द्वारा 3 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति दे दी गई है। उन्होंने बताया कि यह सड़कें कराहल से मेहरवानी, रानीपुरा से दांती और दांती से पहेला तक बनाई जायेंगी।

एक पेड़ मां के नाम पौधा लगाकर और वृद्धा आश्रम की महिलाओं के साथ राज्यमंत्री गौर ने मनाया जन्मदिन

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने आज गुरुवार को अपना जन्मदिन एक पेड़ मां के नाम पौधा लगाकर मनाया। इसके बाद उन्होंने सेवा भारती आनंद धाम में बुजुर्ग महिलाओं के साथ अपना जन्मदिन मनाया और उन्हें साड़ी व कपड़ों का वितरण किया। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने एम्स हॉस्पिटल के गेट नंबर 3 पर मौजूद करूणकेश्वरी भोजनालय अन्नक्षेत्र में जरूरतमंदों को भोजन का वितरण भी किया। जन्मदिन पर शुभचिंतकों ने निवास पर पहुंचकर शुभकामनाएं दी। सुबह से श्रीमती गौर के 74 बंगला स्थित आवास पर बधाई देने वालों का ताता लगा रहा। बधाई देने वालो में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और आम जन शामिल रहे।

औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे प्रभारी मंत्री तोमर

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। ऊर्जा मंत्री और शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर आज रात के समय शिवपुरी में कई स्थानों पर औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे। उन्होंने जिला चिकित्सालय, विद्युत सब स्टेशन और रैन बसेरा का निरीक्षण किया। प्रभारी मंत्री ने जिला चिकित्सालय में निरीक्षण करते हुए वहां मरीजों से चर्चा की और अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में जाना। जिला चिकित्सालय के आईसीयू वार्ड सहित अन्य वार्डों का जायजा लिया और मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन को अस्पताल की व्यवस्थाओं में और सुधार के निर्देश दिए। जिला चिकित्सालय आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलनी

चाहिए। सभी चिकित्सक अपनी ड्यूटी पर तैनात रहे और मरीजों के साथ सही व्यवहार रखें। उन्होंने जिला चिकित्सालय में साफ सफाई का भी जायजा लिया और गंदगी देख प्रभारी मंत्री ने स्वयं सफाई की। स्वच्छता का संदेश देते हुए अस्पताल प्रबंधन और सफाई कर्मियों को सख्त निर्देश दिए। स्वच्छ वातावरण स्वस्थ वातावरण के लिए बहुत जरूरी है, इसलिए गंदगी नहीं रहना चाहिए। सफाई कर्मी प्रतिदिन अपनी ड्यूटी के समय सक्रियता से साफ सफाई पर ध्यान दें। उन्होंने शिवपुरी रैन बसेरा का भी निरीक्षण किया और रैन बसेरा में अन्य सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश एसडीएम शिवपुरी को दिए। प्रभारी मंत्री अपने रात्रि विजिट के दौरान विद्युत सब स्टेशन का निरीक्षण करने भी पहुंचे। उन्होंने 132 केवी सबस्टेशन का निरीक्षण किया और ड्यूटी पर मौजूद अधिकारियों कर्मचारियों से चर्चा की और निर्देश दिए कि विद्युत संबंधी शिकायत नहीं मिलना चाहिए। लोगों को बेहतर सुविधाएं मिले, यही हमारा उद्देश्य है। प्रभारी मंत्री ने मौके पर उपस्थित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए हैं कि अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था का भी ध्यान रखें। अस्थाई पुलिस चौकी में निर्धारित समय पर ड्यूटी पर पुलिसकर्मी तैनात रहे।

एयर एम्बुलेंस सेवा का लाभ लेने वाले 20 वें व्यक्ति

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार कटनी -रीठी सड़क मार्ग स्थित ग्राम हरदुआ के पास सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल मरीज़ श्री विनय पासतारिया को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर से उच्च इलाज़ सुविधा के लिए भोपाल के लिए रेफर किया गया है। कलेक्टर कटनी श्री दिलीप कुमार यादव ने बताया कि रायसेन जिले के बरेली निवासी 35 वर्षीय मरीज श्री विनय पासतारिया को सीरियस हेड इंजुरी होने की वजह से जबलपुर के डुमना विमान तल से पी एम श्री एयर एंबुलेंस से भोपाल के हमीदिया मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने बताया है कि दुर्घटना/आपदा पीड़ितों अथवा गंभीर बीमारी से ग्रसित रोगियों को देश/प्रदेश के उच्च स्तरीय संस्थानों में उपचार हेतु त्वरित परिवहन किये जाने के उद्देश्य से प्रदेश में पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा का संचालन दिनांक 29 मई 2024 से किया जा रहा है। योजना से अब तक 13 का निशुल्क एवं 06 का सशुल्क कुल 19 मरीजों का परिवहन किया गया है। श्री विनय पासतारिया योजना का लाभ लेने वाले 20 वें मरीज़ हैं। जून माह में 5, जुलाई में 7, अगस्त में 2 और सितंबर माह में अब तक 6 मरीज/दुर्घटना पीड़ित पी एम श्री एयर एंबुलेंस सेवा का लाभ ले चुके हैं। पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा से प्रदेश में कहीं भी चिकित्सा आपात स्थिति उत्पन्न होने या चिन्हित विशेष प्रकार की चिकित्सा सुविधा या चिकित्सा विशेषज्ञों की आवश्यकता निर्मित होने पर कठिन भौगोलिक परिस्थिति में प्रदेश के दूरस्थ अंचलों तक पहुंचकर उन्नत आपातकालीन चिकित्सा द्वारा मरीजों की को स्थिर कर उच्च चिकित्सा संस्थानों तक एयर लिफ्ट किया जाता है।

खादी उत्सव में एक ही परिसर में मिलेंगे देश के विभिन्न राज्यों के खादी तथा ग्रामोद्योग के उत्पाद

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग अंतर्गत आने वाले मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा भोपाल हाट में 27 सितंबर से 8 अक्टूबर तक खादी उत्सव-2024 का आयोजन किया जा रहा है। 12 दिन तक चलने वाले इस उत्सव को लेकर बोर्ड द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई है। खादी उत्सव में एक ही परिसर में देश के विभिन्न राज्यों के खादी तथा ग्रामोद्योग के उत्पाद आसानी से मिलेंगे। साथ ही प्रत्येक दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होगा। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर एवं आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के अन्तर्गत खादी तथा ग्रामोद्योग के क्षेत्र में ग्रामीण अंचलों में कार्यरत बुनकरों एवं अन्य कारीगरों को सतत् रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा भोपाल हाट परिसर में खादी उत्सव- का आयोजन किया जा रहा है। भोपाल हाट में लगने वाले खादी उत्सव में खादी एवं ग्रामोद्योग के क्षेत्र में कार्यरत राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की लगभग 75 से 80 इकाइयां शामिल होंगी। इसमें मध्यप्रदेश सहित राजस्थान, बिहार, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली उत्तराखंड, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश की खादी ग्रामोद्योग एवं हैंडीक्राफ्ट की इकाईयों द्वारा स्टॉल लगाया जाएगा। प्रदर्शनी में प्रदेश एवं अन्य राज्यों की मलबरी सिल्क एव मसलिन खादी की साड़ियां, कपड़ा, शॉल, सूट सहित समस्त प्रकार के खादी वस्त्र के रेडीमेड गारमेंट्स, लेडीज कुर्ते एवं ग्रामोद्योग में माटी-कला की सामग्री जूट, बैत-बांस, लकड़ी का फर्नीचर, चमड़े के बैग, बेल्ट, पर्स, अगरबत्ती, शैंपू, सेनेटाइजर, शुद्ध एवं प्राकृतिक मसाले, शहद, अचार, पापड़, आटा, बेसन दलिया सहित विभिन्न सामग्रियां उपलब्ध रहेंगी।

म.प्र. पर्यटन क्विज-2025 होगी राष्ट्रीय स्तर पर- राज्य मंत्री लोधी

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। मध्यप्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बेहतर प्रयास विगत कुछ समय से किये गये हैं। इसके सकारात्मक परिणाम भी आये हैं। म.प्र. को पर्यटन के क्षेत्र में कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं। अब प्रदेश में पर्यटन को और अधिक विस्तार देने और युवाओं में लोकप्रिय बनाने के लिये राष्ट्रीय स्तर पर क्विज का आयोजन किया जा रहा है। क्विज के माध्यम से अब तक 20 लाख से अधिक विद्यार्थी मध्यप्रदेश पर्यटन से जुड़ चुके है। पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने पर्यटन क्विज में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

उन्होंने कहा कि क्विज से विद्यार्थी प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति, वन्य जीव, इतिहास, पुरातत्व और महापुरुषों से परिचित होते है।

अगले वर्ष इस स्पर्धा को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित करेंगे। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में सतना जिले की विजय कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। धार की टैलेंट पब्लिक स्कूल दूसरे व हरदा की द फाउंडेशन ऑफ एजूकेशन स्कूल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रीवा की सेंट्रल एकेडमी स्कूल, छिंदवाड़ा की पीएम श्री गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल एवं सिंगरौली की महारानी लक्ष्मीबाई हायर सेकेंडरी स्कूल उप-विजेता रही। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव एवं प्रबंध संचालक, म.प्र. टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने क्विज में विजेता एवं सम्मिलित हुए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) में शिक्षा विभाग के सहयोग से आयोजित हो रही क्विज-2024 का शुभारंभ टूरिज्म बोर्ड की अपर प्रबंध संचालक सुश्री बिदिशा मुखर्जी ने किया। स्पर्धा में 52 जिलों से 156 स्कूली विद्यार्थियों ने लिखित प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। सभी विजेताओं को एएमडी सुश्री बिदिशा मुखर्जी ने पुरस्कार स्वरूप निःशुल्क टूर पैकेज के कूपन और मेडल प्रदान किए। प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी दिए गए। शुभारंभ अवसर पर सुश्री मुखर्जी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और प्रगति पथ पर निरंतर अग्रसर रहने के लिये शुभकामनाएं दी।

नहर में मिली महिला की लाश

रामपुर नैकिन पुलिस ने किया शव बरामद, एक दिन पहले से थी लापता

मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र। सीधी जिले की मझौली थाना क्षेत्र अंतर्गत मौहरिया की रहने वाली 21 वर्षीय महिला का शव ग्राम घटोखर की नहर में मिला है। इसके बाद सूचना मिलने पर रामपुर नैकिन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुटी हुई है।

आकांक्षा मिश्रा पति अतुल मिश्रा उम्र 21 साल जोकि मड़वास क्षेत्र अंतर्गत मौहरिया की रहने वाली है। उसका एक दिन पहले से पता नहीं चल पा रहा था। जिसके बाद मझौली थाना के मड़वास में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जहां पुलिस ढूंढने का प्रयास कर रही थी पर वह नहीं मिली। शुक्रवार के दिन घटोखर में लाश मिली है।

शव पीएम के लिए भेजा: पूरे मामले को लेकर थाना प्रभारी रामपुर नैकिन सुधांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि लोगों के द्वारा सूचना मिली थी कि एक महिला की लाश नहर में मिली है। जिसके बाद टीम को भेज कर लाश को बरामद कर लिया गया है। पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। साथ ही मझौली पुलिस को सूचना दे दी गई है वह अब जांच कर रही है।

संदिग्ध अवस्था में मिला लड़की का शव

एक दिन पहले घर से गायब हुई, दूसरे दिन कुएं में मिली लाश

मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र। घर से लापता किशोरी का दूसरे दिन शुक्रवार को कुएं में शव मिला है। परिजन किशोरी की संदिग्ध मौत के बाद कई सवाल खड़े कर रहे हैं। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है। घटना जिले के सीधी थाना क्षेत्र के मीठी गांव की है। पुलिस ने बताया कि 16 वर्षीय किशोरी कुमारी संतोषी सिंह पिता सुधाराम का शव घर से आधा किलोमीटर दूर स्थित एक कुएं में उतराता मिला है। संतोषी सिंह घर से एक दिन पहले गुरुवार की दोपहर से लापता हुई थी। पिता ने पुलिस से किशोरी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी।

पिता लौटा तो घर में नहीं थी बेटी: पिता ने पुलिस से बताया कि वह खेत में काम करने चला गया, किशोरी की मां की कई साल पहले मौत हो जाने से वह घर में पिता के साथ रहती थी। जब पिता शाम को घर लौटा तो उसकी पुत्री घर से लापता थी। वह दोपहर 2 बजे अंतिम बार देखी गई थी। जिसके बाद से वह मोहल्ले में दिखाई नहीं दी।

परिजन और ग्रामीण जता रहे हत्या की आशंका: परिजन और ग्रामीणों का कहना है कि एक दिन पहले घर से लापता हुई किशोरी का शव कुएं में मिला है। किशोरी की हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया गया होगा। पुलिस ने मामले पर मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

पीएम रिपोर्ट का इंतजार: सीधी थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने का इंतजार है। फिलहाल मामले पर मर्ग कायम किया गया है, हर पहलुओं में जांच की जा रही है। जल्द ही मामले पर खुलासा किया जाएगा।

सामुदायिक भवन के नाम पर फर्जीवाड़ा

सरपंच और सचिव पर लाखों गबन के आरोप

मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र। ग्राम पंचायत बगौता में वर्ष 2023 में विधायक निधि से 5 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाना था। सरपंच और सचिव की मिलीभगत से निधि से फर्जी तरीके बिल लगाकर 3 लाख 73 हजार 400 रुपए की राशि निकाल लिए गए है। मौके पर सामुदायिक भवन के नाम के केवल पिलर खड़े किए है। आज (शुक्रवार) की शाम 4 बजे जिला मुख्यालय से 4 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बगौता से यह मामला सामने आया है।

दो बिल लगाकर निकली राशि: 2 अगस्त 2023 को 1 लाख 73 हजार 400 रूपए सरपंच और सचिव द्वारा और दूसरा बिल जय मां रतनगढ़ कंस्ट्रक्शन कंपनी के नाम पर 20 अक्टूबर 2023 को 2 लाख रूपए का बिल लगाकर निकाल लिए गए। अभी तक दो अलग-अलग बिल लगाकर कुल 3 लाख 73 हजार 400 रुपए निकल लिए गए है। हालांकि, आज (27 सितंबर) तक सामुदायिक भवन के नाम पर सिर्फ चार पिलर ही खड़े हो पाए हैं।

सचिव पुरुषोत्तम रावत ने बताया कि सरपंच ममता सिंह, पति गोविंद सिंह द्वारा जबरदस्ती पैसे निकाले गए है। सरपंच पति गोविंद सिंह चंदेल ने बिल लगाकर पैसे निकाले थे। उन्होंने कहा- हमें ही करवाना है, मैं मजबूर था वे गांव के दबंग लोग है। जनपद सीईओ अजय सिंह ने बताया कि आपके माध्यम से यह जानकारी मिली है। जांच करवाकर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

4 फरार आरोपियों को किया गिरफ्तार

मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र। चौकी बम्हनी थाना चुरहट के अपराध क्रमांक 565/19 मे फरार आरोपी विश्वनाथ साकेत पिता बसंता साकेत, बसंता साकेत पिता जमुना साकेत एवं नरेश साकेत पिता छोटवा साकेत सभी निवासी चौफाल पवाई चौकी बम्हनी थाना चुरहट एवं अन्य अपराध में फरार आरोपी बसंता साकेत पिता जमुना साकेत निवासी चौफाल पवाई चौकी बम्हनी थाना चुरहट जिनके विरुद्ध मामला पंजीबद्ध किया जाकर चालान न्यायालय में पेश किया गया था, जो न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुये जिनकी गिरफ्तारी हेतु न्यायालय द्वारा आरोपियों के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। चौकी प्रभारी बम्हनी द्वारा टीम गठित कर लंबे समय से फरार उक्त आरोपियों को मुखविर सूचना के आधार पर ग्राम चौफाल पवाई से गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया गया।

तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने ई रिक्शा को मारी टक्कर

गहरी खाई में गिरा ई-रिक्शा, 5 लोग घायल, 2 की हालत गंभीर

मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र। पन्ना-जिले के अजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पन्ना-अजयगढ़ रोड पर शुक्रवार को तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा गहरी खाईं में जा गिरा। इस पर सवार 7 लोग के घायल हो गए हैं, जिनमें 2 की हालत गंभीर है। उन्हें इलाज के लिए अजयगढ़ समुदायिक केंद्र में भर्ती करवाया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक, 27 सितंबर को दोपहर अजयगढ़ थाना अंतर्गत पन्ना अजयगढ़ सड़क मार्ग में खंदियन हनुमान मंदिर के पास तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने क्रॉसिंग के दौरान ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। पिकअप का पिछला हिस्सा ई-रिक्शा में लगने से ई-रिक्शा सड़क किनारे खाई में पलट गया। जिसमें सवार ई-रिक्शा चालक प्रमोद पाल निवासी ग्राम गुठला, सिया दुलारी यादव निवासी माधवगंज, मोनू पाल निवासी गुठला, सचिन पाल निवासी बजरंगपुर, सुमित अहिरवार निवासी छतैनी घायल हो गए हैं।

इनमें से 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है। रास्ते से गुजर रही 108 जननी एक्सप्रेस से घायलों को अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद अज्ञात पिकअप का चालक पिकअप सहित भाग खड़ा हुआ है। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

बृजपुर थाना क्षेत्र में दुष्कर्म का मामला

पीड़िता की मां बोली- तीन आरोपी हैं शामिल लेकिन पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र। पन्ना के बृजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया था। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शुक्रवार की सुबह पीड़िता को एमएलसी के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

वहीं पुलिस ने मामले में एक आरोपी पर मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। अस्पताल में पत्रकारों से बृजपुर थाना प्रभारी भानू प्रताप ने एक पत्रकार का मोबाइल छीना और बाकी पत्रकारों पर एफआईआर करने की धमकी देकर अपमानित किया। बताया जा रहा है कि पीड़िता अपनी मां के साथ घर में सो रही थी। लेकिन जब मां की नींद खुली तो लड़की नहीं मिली। जिसकी तलाश करने पर लड़की घर से दूर खेत में बेसुध हालत मिली। जिसकी जानकारी परिजनों ने बृजपुर पुलिस को दी।

जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शुक्रवार सुबह थाना प्रभारी बृजपुर भानू प्रताप सिंह ने संबंधित पीड़ित परिवार को लेकर जिला चिकित्सालय पहुंचे। जहां पीड़िता की एमएलसी करवाई गई। वहीं मामले में पुलिस ने एक आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़िता की मां ने कहा तीन आरोपी है शामिल: पीड़िता की मां ने मुख्य आरोपी के साथ दो अन्य लड़कों के शामिल होने की बात कही है। पीड़िता की मां ने बताया कि देर रात पीड़िता मेरे साथ घर में सो रही थी। नींद खुली तो वह गायब थी। तलाश करने पर घर से दूर खेत में मिली। जिसके बाद पुलिस को जानकारी दी। उक्त घटना में तीन आरोपी शामिल हैं। लेकिन थाना प्रभारी ने एक ही युवक को आरोपी गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी ने पत्रकार का मोबाइल छीना: मामले की जानकारी मिलने पर स्थानीय पत्रकार भी जिला अस्पताल पहुंचे। जहां घटित हुई घटना के संबंध में तथ्य जुटाने का प्रयास करने के लिए आपरेशन कक्ष के सामने हॉल में खड़े हुए। उसी दौरान थाना प्रभारी बृजपुर भानू प्रताप सिंह आपरेशन कक्ष से बाहर निकलते हुए पत्रकारों को देखकर उस पर भड़के।

एक पत्रकार का मोबाइल छीन कर फेंक दिया। अभद्रता करते हुए कहा तुम लोग इस मामले का किसी प्रकार से कवरेज नही करोगे। कवरेज करोगे तो अच्छा नहीं होगा। फर्जी मामला बनाकर अन्दर कर दूंगा।

मामले की जांच में जुटी पुलिस: वहीं पन्ना एसपी एस साई कृष्ण थोटा ने बताया कि संबंधित दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को अभी चिह्नित किया गया है। जिसे गिरफ्तार भी कर लिया गया है। आगे मामले की जांच चल रही है। यदि और आरोपी होगें तो उनके खिलाफ भी मामला दर्ज होगा।

साथ ही पत्रकारों के साथ हुई बहस के मामले में कहा कि एसडीओपी को जांच सौंपी गई है। जांच कर इस मामले में भी थाना प्रभारी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

पंडित दीनदयाल पार्क का होगा सौंदरीकरण

मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र। सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने पंडित दीनदयाल नगर स्थित पार्क के सौंदरीकरण हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। बताया गया कि विगत दिनों एकात्म मानवबाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर पंडित दीनदयाल के पार्क का सौंदरीकरण हो, लोगों की मांग पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल को पार्क के सौंदरीकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल ने कहा कि जल्द ही हम इस पार्क को भव्य और सुंदर बनाने के लिए कार्य योजना पर कार्य करेंगे। साथ ही पंडित दीनदयाल नगर के प्रवेश द्वार को भी भव्यता प्रदान करेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सांसद मिश्रा लोक सभा की स्थाई समिति के सदस्य मनोनीत

मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से जुड़ी लोकसभा की स्थाई समिति का सदस्य मनोनीत किया है। स्थाई समिति का सदस्य सदस्य मनोनीत होने के पश्चात सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि चिकित्सा मेरी रुचि का विषय रहा है। इससे जुड़े हुए मंत्रालय का सदस्य होना मेरे साथ.साथ लोकसभा की समस्त जनता जनार्दन के लिए गर्व की बात है। सांसद के मनोनीत किए जाने पर क्षेत्र में हर्ष व्याप्त हैं लोग शुभकामनाएं प्रेषित कर रहे हैं।

विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय मड़वास में कार्यक्रम आयोजित

मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र। शासकीय महाविद्यालय मड़वास में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ.आई.पी.प्रजापति के द्वारा माँ सरस्वती की पूजा दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ दीपक अग्निहोत्री ने किया। आपने विश्व पर्यटन के इतिहास के बारे में जानकारी दी।

प्राचार्य डॉ आई पी प्रजापति ने पर्यटन से होने वाले लाभ के बारे में बताया। साथ ही स्थानीय पर्यटन पर बल दिया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित धीरज नामदेव ने अपने आसपास के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों की जानकारी दी। डॉ लक्ष्मीकांत कुशवाहा ने मनोरंजन के रूप में पर्यटन के महत्व के बारे में बताया। छात्रा अंजली पाण्डेय एवं रूबी साहू ने पर्यटन पर गीत प्रस्तुत किया। इनके साथ ही छात्रा काजल गुप्ता ने पर्यटन पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डॉ सौरभी गुप्ता ने किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के कमलेश जायसवाल, डॉ संगीता मिश्रा, डॉ निशा सिंह, डॉ अनुराग तिवारी, डॉ ज्योति मौर्या, डॉ राजेश पटेल, डॉ अमिता खरे, डॉ संध्या वर्मा, प्रवीण साकेत, दीपराज प्रजापति सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय मड़वास में हुआ आयोजन

मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र। शासकीय महाविद्यालय मड़वास में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ.आई.पी.प्रजापति के द्वारा माँ सरस्वती की पूजा एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ दीपक अग्निहोत्री ने किया और विश्व पर्यटन के इतिहास के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य ने पर्यटन से होने वाले लाभ के बारे में बताया साथ ही स्थानीय पर्यटन पर बल दिया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित धीरज नामदेव ने अपने आसपास के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों की जानकारी दी। डॉ लक्ष्मीकांत कुशवाहा ने मनोरंजन के रूप में पर्यटन के महत्व के बारे में बताया। छात्रा अंजली पांडेय एवं रूबी साहू ने पर्यटन पर गीत प्रस्तुत किया। इनके साथ ही छात्रा काजल गुप्ता ने पर्यटन पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डॉ सौरभी गुप्ता ने किया । इस अवसर पर महाविद्यालय के कमलेश जायसवाल डॉ संगीता मिश्रा, डॉ निशा सिंह, डॉ अनुराग तिवारी, डॉ ज्योति मौर्या, डॉ राजेश पटेल ,डॉ अमिता खरे, डॉ संध्या वर्मा प्रवीण साकेत, दीपराज प्रजापति सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्रा ऊपस्थित रहे।

नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर 29 को आयोजित होगा

मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र। आल इंडिया लीनेस क्लब कामाख्या सीधी का जुलाई में शुभारंभ हुआ, जिसका मुख्य उद्देश समर्पण संग सेवा है। इसके अंतर्गत समाज में जागरूकता फैलाना, लोगों को सर्वजन हिताय जैसे सेवा भावना से जोड़ना है। उक्त बातें क्लब की अध्यक्ष डॉ. बीना मिश्रा ने कही साथ ही सचिव डॉ.सुनीता तिवारी और कोषाध्यक्ष शर्मिला ने बताया कि अथक प्रयासों से अनवरत समाज सेवा के कार्य किए जा रहे हैं। समाजसेवा की अगली कड़ी में 29 सितंबर दिन रविवार को मधुमेह जांच, नि:शुल्क नेत्र परीक्षण व मोतियाबिंद की जांच की जाएगी। जो कि डॉ.राजेश मिश्र सांसद लोकसभा क्षेत्र सीधी के मार्गदर्शन में आल इंडिया लीनेस क्लब कामाख्या सीधी द्वारा सिद्धभूमि इंटरनेशनल स्कूल पनवार में डॉ.लक्ष्मण पटेल नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा किया जायेगा। मोतिया बिंद के मरीजों का ऑपरेशन जिला चिकत्सालय में कराया जायेगा साथ ही नि:शुल्क दवाईयां एवं चश्मा की जरूरत वाले मरीजों को डिस्काउंट में चश्मे भी दिए जायेंगे।

कलेक्टर ने की लंबित प्रकरणों की समीक्षा

गांवों में शिविर लगाकर राजस्व मामलों का निराकरण करने के दिए निर्देश

मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व सेवाओं के प्रदान करने के लिए ग्रामवार शिविर आयोजित कर राजस्व मामलों का निराकरण किया जाए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि रोस्टरवार कार्ययोजना तैयार कर और नामांतरण, बंटवारे के शिविर में प्रकरणों का निराकरण होने पर एक प्रतिलिपि हितग्राहियों को भी दिया जाए। बैठक में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने राजस्व अधिकारियों को प्रकरणों के निराकरण के लिए ग्राम स्तर पर राजस्व शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि 1 जनवरी 2020 के बाद के सभी दर्ज न्यायालयीन प्रकरण की जानकारी एकत्रित कर प्रकरणों की सुनवाई की जाए। उन्होंने अर्थदण्ड के बकायादारों से राजस्व वसूली के लिए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण की कार्यवाही नियमित आधार पर सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर ने उप तहसील अमरकंटक का क्रियान्वयन तत्काल प्रभाव से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित राजस्व निरीक्षक, पटवारी उप तहसील में नियमित रूप से बैठें। नायब तहसीलदार न्यायालय के संचालन के लिए सप्ताह में एक दिवस निर्धारित कर प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें।

समिति बरमबाबा की वार्षिक आमसभा संपन्न

मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र। प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित बरमबाबा की वार्षिक आमसभा की बैठक 27 सितंबर को रघुनाथ प्रसाद कोल अध्यक्ष के अध्यक्षता में संस्था कार्यालय के पास मैदान में संपन्न हुई। संस्था प्रबंधक राजकुमार जायसवाल द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय व्यय का वाचन कर संपूर्ण हिसाब सभा के समक्ष प्रस्तुत किया गया और पूर्व में जारी एजेंडा अनुसार सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए।

कार्यालय नगर परिषद मनगवां जिला - रीवा (म.प्र.)

क्रमांक/719/ई-निविदा/न.प./2024 **द्वितीय निविदा (सेक्शन-1) ई-निविदा आमंत्रण सूचना** मनगवां दिनांक 23.09.2024

नगर परिषद मनगवां द्वारा निम्नानुसार निर्माण कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत फर्म द्वारा निविदा प्रपत्र क्रय डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी वेबसाइट www.mpteders.gov.in पर Urban Adminstration Development Department से एवं कार्यालय नगर परिषद मनगवाँ से प्राप्त की जा सकती हैं। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा। विवरण निम्नानुसार है।

क्र.	टेण्डर क्र.	कार्य का नाम	अनुमाति लागत (लाख में)	अमानत राशि	निविदा फार्म का मूल्य	कार्य अवधि
1.	2024_UAD_371127_1	वार्ड क्रमांक 12 में खटखरा तालाब के उन्नयन का कार्य।	10120497.00	50602.00	12500.00	05 माह

उक्त कार्य हेतु निविदा प्रपत्र उपरोक्तानुसार दिए गए दिनांक 21.09.2024 सायं 05:30 से दिनाँक 21.10.2024 तक सायं 05:30 तक बेबसाइट पर लागू प्रोसेसिंग शुल्क के ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त किये जा सकेगें।

(श्रीमती बुटला बंसल)
अध्यक्ष नगर परिषद मनगवाँ
जिला रीवा (म.प्र.)

(सुरेश कुमार सोनवाची)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर
परिषद मनगवाँ जिला रीवा (म.प्र.)

विचार

चिकित्सक आंदोलन पर ममता की विरोध की प्रवृति उल्टी पड़ी

पश्चिम बंगाल की कम्युनिस्ट सरकार के प्रति विरोध और प्रदर्शन से सत्ता हासिल करने वाली ममता बनर्जी ने इसे अपना हथियार बना लिया। केंद्र सरकार के खिलाफ शायद ही ऐसा कोई मौका हो जब ममता सरकार ने विरोध नहीं किया हो। संघीय ढांचे के तहत बने कानूनों और अदालतों के आदेशों के प्रति अडियल रूख अपनाने वाली पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आखिरकार अपने ही लोगों के सामने घुटने टेकने पर मजबूर होना पड़ा। महिला चिकित्सक से बलात्कार और हत्या के बाद चले आंदोलन से ममता के तेवर ढीले पड़ गए। ममता ने कल्पना भी नहीं की होगी पश्चिमी बंगाल में यह आंदोलन सरकार की चूलें हिला देगा। केंद्र सरकार और अदालतों के आदेशों के प्रति तीखे तेवर अपनाने वाली ममता इस्तीफा तक देने को तैयार हो गई। ममता के समझ में आ गया कि राजनीतिक द्वेषवश केंद्र सरकार की उपेक्षा की जा सकती है किन्तु प्रदेश की सत्ता में बने रहने के लिए राज्य के लोगों की नाराजगी सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा सकती है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक के साथ कथित बलात्कार और हत्या के मामले में तृणमूल कांग्रेस की सरकार के खिलाफ देश ही नहीं विदेशों में भी आंदोलन हुए। इस घृणित अपराध के विरोध में ममता सरकार की निष्क्रियता के खिलाफ पश्चिमी बंगाल के हर वर्ग ने राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। हड़ताली चिकित्सकों ने मेडिकल शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशकों को हटाया जाना और कोलकाता पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल के पद से हटाने की मांग की। ममता बनर्जी ने कुछ ही दिनों पहले कहा था कि वो पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल को दुर्गा पूजा तक उनके पद पर बनाए रखेंगी। भारी विरोध के बाद आखिरकार गोयल का तबादला करना पड़ा। हड़ताली चिकित्सकों डॉक्टरों का कहना है कि अस्पतालों में उनके सुरक्षा इंतजाम पुख्ता किए जाएं। वे मांग कर रहे हैं कि सरकार यह बताए कि 100 करोड़ रुपये का बजट किस प्रकार अस्पतालों में डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए खर्च किया जाएगा। उन्होंने अस्पतालों में सुरक्षा उपायों को लागू करने के लिए %रेफरल सिस्टम % को सुधारने और भर्ती में भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की भी बात कही। जूनियर डॉक्टर मेडिकल कॉलेजों में छात्र संघ चुनाव कराए जाने और संस्थानों की नीतियों में उनका रिप्रेजेंटेशन बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि छात्र संघ चुनाव के माध्यम से उनकी आवाज़ को प्रमुखता दी जाए ताकि उनकी समस्याओं का समाधान हो सके। पश्चिमी बंगाल में अराजकता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के बाद अराजकतत्वों ने अस्पताल पर हमला कर दिया।

शक्तिशाली देशों की सूची में भारत पहुंचा तीसरे स्थान पर

प्रह्लाद सबनानी

आस्ट्रेलिया के एक संस्थान, लोवी इन्स्टिट्यूट थिंक टैंक, ने हाल ही में एशिया में शक्तिशाली देशों की एक सूची जारी की है। एशिया पावर इंडेस 2024 नामक इस सूची में भारत को एशिया में तीसरा सबसे बड़ा शक्तिशाली देश बताया गया है। वर्ष 2024 के इस इंडेस में भारत ने जापान को पीछे छोड़ा है। इस इंडेस में अब केवल अमेरिका एवं चीन ही भारत से आगे है। रूस तो पहिले से ही इस इंडेस में भारत से पीछे हो चुका है। इस प्रकार अब भारत की शक्ति का आभास वैश्विक स्तर पर भी महसूस किया जाने लगा है। एशिया पावर इंडेस 2024 के प्रतिवेदन में बताया गया है कि वर्ष 2023 के इंडेस में भारत को 36.3 अंक प्राप्त हुए थे जो वर्ष 2024 के इंडेस में 2.8 अंक से बढ़कर 39.1 अंकों पर पहुंच गए हैं एवं भारत इस इंडेस में चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर आ गया है।

एशिया पावर इंडेक्स 2024 को विकसित करने के लिए कुल 27 देशों और क्षेत्रों से प्राप्त आंकड़ों का आंकलन एवं सूक्ष्म विश्लेषण किया गया है। एशिया में जो नए शक्ति समीकरण बन रहे हैं उनका ध्यान भी इस इंडेक्स में रखा गया है तथा विभिन्न मापदंडों पर आधारित पिछले 6 वर्षों के आकड़ों का विश्लेषण कर यह इंडेक्स बनाया गया है। आर्थिक क्षमता, सैन्य (मिलिटरी) क्षमता, अर्थव्यवस्था में लचीलापन, भविष्य में संसाधनों की उपलब्धता, कूटनीतिक, राजनयिक एवं आर्थिक सम्बंध एवं सांस्कृतिक प्रभाव जैसे मापदंडो पर उक्त 27 देशों एवं क्षेत्रों का आंकलन कर विभिन्न देशों को इस इंडेक्स में स्थान प्रदान किया गया है। उक्त इंडेक्स में अमेरिका, 81.7 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर है। चीन 72.7 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर है। भारत ने इस इंडेक्स में 39.1 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जापान को 38.9 अंक, आस्ट्रेलिया को 31.9 अंक एवं रूस को 31.1 अंक प्राप्त हुए हैं एवं इन देशों का क्रमशः चतुर्थ, पांचवा एवं छठवां स्थान रहा है। इस इंडेक्स में प्रथम 5 स्थानों में से 4 स्थानों पर क्वाड के सदस्य देश हैं – अमेरिका, भारत, जापान एवं आस्ट्रेलिया। एशिया में अमेरिका की लगातार बढ़ती मजबूत ताकत के चलते उसे इस इंडेक्स में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि, चीन की मजबूत मिलिटरी ताकत के चलते उसे इस इंडेक्स में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। जापान के इस इंडेक्स में तीसरे से चौथे स्थान पर आने के कारणों में मुख्य कारण उसकी आर्थिक स्थिति में लगातार आ रही गिरावट है। भारत ने चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर छलांग लगाई है। आर्थिक क्षमता एवं भविष्य में संसाधनो की उपलब्धता के क्षेत्र में भारत को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही, सैन्य क्षमता, कूटनीतिक, राजनयिक एवं आर्थिक सम्बंध के क्षेत्र एवं सांस्कृतिक प्रभाव के क्षेत्र में भारत को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। अब केवल अमेरिका और चीन ही भारत से आगे हैं एवं जापान, आस्ट्रेलिया एवं रूस भारत से पीछे हो गए हैं। जबकि, कुछ वर्ष पूर्व तक विश्व की महान शक्तियों में भारत का कहीं भी स्थान नजर नहीं आता था। केवल अमेरिका, रूस, चीन, जापान, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रान्स आदि देशों को ही विश्व में महाशक्ति के रूप में गिना जाता था। अब इस सूची में भारत तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

उक्त इंडेक्स तैयार करते समय आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड आदि अन्य शक्तिशाली देशों का भी आंकलन किया गया है। साथ ही, विश्व में तेजी से बदल रहे शक्ति के नए समीकरणों का भी व्यापक आंकलन किया गया है। इस आंकलन के अनुसार अमेरिका अभी भी एशिया में सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बना हुआ है। चीन तेजी से आगे बढ़कर दूसरे स्थान पर आया है। तेजी से बढ़ती सेना एवं आर्थिक तरक्की चीन की मुख्य ताकत है। उक्त प्रतिवेदन में यह तथ्य भी बताया गया है कि उभरते हुए भारत से अपेक्षाओं एवं वास्तविकताओं में अंतर दिखाई दे रहा है। इस प्रतिवेदन के अनुसार, भारत के पास अपने पूर्वी देशों को प्रभावित करने की सीमित क्षमता है। परंतु, वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है। भारत अपने पड़ौसी देशों नेपाल, भूटान, श्रीलंका, बंगलादेश, म्यांमार एवं अफगानिस्तान, आदि की विपरीत परिस्थितियों के बीच भारी मदद करता रहा है। आसियान के सदस्य देशों की भी भारत समय समय पर मदद करता रहा है, एवं इन देशों का भारत पर अपार विश्वास रहा है। कोरोना के खंडकाल में एवं श्रीलंका, म्यांमार तथा अफगानिस्तान में आए सामाजिक संघर्ष के बीच भारत ने इन देशों की मानवीय आधार पर भरपूर आर्थिक सहायता की थी एवं इन्हें अमेरिकी डॉलर में लाइन आफ क्रेडिट की सुविधा भी प्रदान की थी ताकि इनके विदेशी व्यापार को विपरीत रूप से प्रभावित होने से बचाया जा सके। उक्त प्रतिवेदन के अनुसार भारत के पास भारी मात्रा में संसाधन मौजूद हैं एवं जिसके बलबूते पर आगे आने वाले समय में भारत के आर्थिक विकास को और अधिक गति मिलने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। साथ ही, भारत अपने पड़ोसी देशों की आर्थिक स्थिति सुधारने की भी क्षमता रखता है। भारत ने हाल ही के वर्षों में उल्लेखनीय आर्थिक सुधार कार्यक्रम लागू किए हैं। जिसके चलते लगातार तेज हो रहे आर्थिक विकास के बीच सकल घरेलू उत्पाद की स्थिति और बेहतर हो रही है तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की मान्यता बढ़ रही है। साथ ही, बहुपक्षीय मंचों पर भी भारत की सक्रिय भागीदारी बढ़ती जा रही है।

भारत ने पिछले कुछ वर्षों में एशिया के कई देशों के साथ अपने सम्बंधों को मजबूत किया है। अब तो अफ्रीकी देशों का भी भारत पर विश्वास बढ़ता जा रहा है एवं भारत में ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। भारत में हाल ही में अपनी कूटनीतिक एवं राजनयिक क्षमता में भी भरपूर सुधार किया है एवं इसके बल पर वैश्विक स्तर पर न केवल विकसित देशों बल्कि विकासशील देशों को भी प्रभावित करने में सफल रहा है। यूक्रेन एवं रूस युद्ध के समय केवल भारत ही दोनों देशों के साथ चर्चा कर पाता है एवं युद्ध को समाप्त करने का आग्रह दोनों देशों को कर पाता है। इसी प्रकार, इजराईल एवं हमास युद्ध के समय भी भारत दोनों देशों के साथ युद्ध समाप्त करने की चर्चा करने में अपने आप को सहज एवं सक्षम पाता है। आपस में युद्ध करने वाले दोनों देश भारत की सलाह को गम्भीरता से सुनते नजर आते हैं।

भारत ने कभी भी विभिन्न देशों के आंतरिक स्थितियों पर अपनी विपरीत राय व्यक्त नहीं की है और न ही कभी उनके आंतरिक मामलों में कभी हस्तक्षेप किया है। इस दृष्टि से वैश्विक पटल पर भारत की यह विशिष्ट पहचान एवं स्थिति है।

दक्षिण एशिया के देशों में चीन अपना प्रभाव बढ़ाने का प्रयास कर रहा है इसलिए भारत का पूरा ध्यान इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को कम कर अपने प्रभाव को बढ़ाना है। इसी मुख्य कारण से शायद भारत दक्षिण एशिया के देशों पर अधिक ध्यान देता दिखाई दे रहा है। जिसका आशय उक्त प्रतिवेदन में यह लिया गया है कि विश्व के अन्य देशों को सहायता करने की भारत की क्षमता तो अधिक है परंतु अभी उसका उपयोग भारत नहीं कर पा रहा है। हिंद महासागर पर भारत का ध्यान अधिक है और क्वाड के सदस्य देश मिलकर भारत की इस दृष्टि से सहायता भी कर रहे हैं। दक्षिण एशियाई देशों के अलावा विश्व के अन्य देशों की मदद करने के संदर्भ में भारत ने हालांकि अभी हाल ही के समय में बढ़त तो बनाई है परंतु अभी और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। भारत में आगे बढ़ने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं।

उक्त प्रतिवेदन में भारत को एशिया को तीसरा सबसे बड़ा ताकतवर देश बताया गया है परंतु वस्तुतः भारत अब एशिया का ही नहीं बल्कि विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ताकतवर देश बन गया है क्योंकि इस सूची में एशिया के बाहर से अमेरिका को भी एशिया में पहिले स्थान पर बताया गया है। एक अन्य अमेरिकी थिंक टैंक का आंकलन है कि भारत यदि इसी रफ्तार से आगे बढ़ता रहा तो इस शताब्दी के अंत तक भारत, चीन एवं अमेरिका को भी पीछे छोड़कर विश्व का सबसे अधिक शक्तिशाली देश बन जाएगा।

पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के बढ़ते अवसर

रमेश सर्राफ धमोरा

संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) ने विश्व पर्यटन दिवस की स्थापना की। 1980 से हर साल 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है। इसी दिन यूनाइटेड नेशंस वर्ल्ड टूरिज्म ऑर्गनाइजेशन के कानूनों को अपनाया गया था। विश्व पर्यटन दिवस 2024 की थीम पर्यटन और शांति है। इस थीम का उद्देश्य है कि पर्यटन समुदायों को बदल सकता है। रोजगार पैदा कर सकता है। समावेश को बढ़ावा दे सकता है और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत कर सकता है। देश के लिए बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की कमाई करने में पर्यटन उद्योग का अच्छा खासा महत्व है। पर्यटन जिसे चिमनी विभिन्न उद्योग के नाम से भी जाना जाता हैं। आज भी लाखों लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध करा रहा है। भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां कलात्मक, धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर दर्शनीय स्थलों एवं कृतियों की कमी नहीं है। यही कारण है कि हजारों मील दूर रहने वाले विदेशी लोग भी पर्यटन के लिए यहां आने का लोभ छोड़ नहीं पाते हैं। यही नहीं देशी पर्यटक भी बड़ी तादाद में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक फैले देश के विभिन्न पर्यटन केंद्रों पर देखे जा सकते हैं। भारत में पर्यटन सबसे बड़ा सेवा उद्योग है। जहां इसका राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में 6.23 प्रतिशत और भारत के कुल रोजगार में 8.78 प्रतिशत योगदान है। भारत में वार्षिक तौर पर 50 लाख विदेशी पर्यटकों का आगमन और 56 करोड़ घरेलू पर्यटकों द्वारा भ्रमण परिलक्षित होता है। विश्व पर्यटन दिवस एक वार्षिक आयोजन है। जिसका उद्देश्य वैश्विक उद्योग के रूप में पर्यटन के महत्व तथा इसके सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। विशेषज्ञों द्वारा संभावना जताई जा रही है कि आगामी दस वर्षों में पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था में भारत का स्थान विश्व में तीसरा हो जाएगा। देश में इस दौरान लगभग एक करोड़ नये रोजगाार का इस क्षेत्र में सृजन होने की उम्मीद है। वर्ल्ड ट्रेवल एंड टूरिज्म कौंसिल द्वारा जारी रिपोर्ट में इस आशय की संभावनाओं की ओर इशारा किया गया है। अभी देश में लगभग चार करोड़ लोग टूर एंड टूरिज्म इंडस्ट्री के माध्यम से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष तौर पर आजीविका हासिल कर रहे हैं। देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने वाले अर्थशास्त्रियों और नीति निर्धारकों ने लगभग एकमत से स्वीकार किया है कि देश में उपलब्ध पर्यटन क्षमता का समुचित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। इस दिशा में अधिक प्रभावी व कारगर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। इसी नीति के तहत विभिन्न पर्यटन केंद्रों को प्रमुख छोटे-बड़े शहरों से जोड़ने के लिए दूरसंचार, सड़क और वायु परिवहन की अधिकाधिक सुविधा उपलब्ध कराने

के लिए भारी निवेश की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा परंपरागत पर्यटक केंद्रों के आसपास बुनियादी सुविधाएं व नए पर्यटन केंद्रों को विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। इस पूरे परिदृश्य से स्पष्ट होता है कि आगामी वर्षों में पर्यटन प्रबंधन तथा पर्यटक से जुड़े अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों की बड़ी संख्या में मांग होगी। यह अवसर सरकारी से ज्यादा निजी क्षेत्रों में होने की अधिक संभावना जताई जा रही है। पर्यटन प्रबंधन डिप्लोमा धारी व्यक्तियों के पर्यटक सूचना केंद्रों, ट्रैवल एजेंसी, होटल समूहो, विभिन्न हवाई कंपनियों के कार्यालयों टूर ऑपरेटर कंपनियों पर्यटन से जुड़ी पत्र-पत्रिकाओं, पर्यटक गाइड आदि में क्षेत्रों में काम करने का मौका अपेक्षाकृत आसानी से मिल सकता है। इस क्षेत्र में महिला कर्मियों की मांग भी तेजी से बढ़ने की पूरी संभावना है। पर्यटन प्रबंधन डिप्लोमा डिग्री धारी महिलाओं को विशेष रूप से उन पदों पर नियुक्ति के समय वरीयता दी जाती है जहां स्वागत करना या सूचना उपलब्ध कराने जैसे काम होते हैं। इसके पीछे तर्क दिया जाता है कि महिलाएं पुरुषों के मुकाबले कहीं अधिक सौम्य व मृदुभाषी होती है। वे नवागंतुक पर्यटक को आसानी से बातें समझा सकती है। टूरिस्ट गाइड के रूप में काम करने के अवसर इस क्षेत्र में संख्या की दृष्टि से सर्वाधिक कहे जा सकते हैं। कुछ वर्षों तक पर्यटन क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं का अनुभव हासिल करने के बाद पर्यटन प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थानों और विश्वविद्यालयों के पर्यटन शिक्षा में अध्यापन भी किया जा सकता है। देश में पर्यटन से जुड़े लगभग सभी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम ग्रेजुएशन के बाद के स्तर के हैं। विश्वविद्यालयों में पर्यटन क्षेत्र के भावी विस्तार को भांपते हुए पर्यटन शिक्षा विभाग तेजी से विकसित हो रहे हैं। इनमें मास्टर आफ टूरिज्म एडमिनिस्ट्रेशन सरीखे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। दो वर्ष की अवधि वाले इन पाठ्यक्रमों में दाखिला पाने की मारामारी को देखते हुए लगभग प्रत्येक संस्थान प्रवेश परीक्षा के आधार पर दाखिला देता है। इन विश्वविद्यालयों के अतिरिक्त निजी प्रशिक्षण संस्थानों में भी अंशकालिक, पूर्णकालिक डिप्लोमा प्रशिक्षण उपलब्ध है। असल में पर्यटन डिप्लोमा डिग्री हासिल करने के बाद स्वरोजगार के क्षेत्र में पदार्पण करने के लिए राहें भी खुलती है। इसीलिए जरूरी नहीं कि लंबे अरसे तक नौकरी के लिए आवेदन भेज कर हाथ पर हाथ रखकर खाली बैठा जाए। टूर ऑपरेटर और ट्रैवल एजेंट जैसे काम बहुत कम पूंजी से शुरू किए जा सकते हैं। इसके लिए जरूरी नहीं कि आपके पास दो चार बस या कार हो। आप ट्रैवल एजेंट के तौर पर बुकिंग कर अन्य बस आपरेटरों से बस किराए पर लेकर भी टूर आयोजित करवा सकते हैं और अच्छा खासा कमीशन कमा सकते हैं। जिनमें स्थानीय साइट सीन, पर्यटक भ्रमण कार्यक्रम से लेकर तीर्थ यात्रा टूर, दूरदराज के पर्यटक स्थलों तक आदि मुख्य है। अब तो विदेशों में स्वीटजरलैंड, पेरिस, थाईलैंड, हॉन्गकांग, सिंगापुर, लंदन, अमेरिका, कनाडा, मालदीप, नेपाल जैसी जगहों के लिए भी पैकेज टूर बनाए जाने लगे हैं। इनमें स्थानीय भ्रमण से लेकर हवाई यात्रा और होटल में ठहरने तक का समस्त खर्च सम्मिलित होता है। तमाम हवाई कंपनियों के अधिकृत टिकट विक्रेता एजेंट के रूप में भी बेची गई टिकटों पर निर्धारित प्रतिशत कमीशन की कमाई की जा सकती है। आज अधिकांश सरकारी व निजी विश्वविद्यालयों में पर्यटन प्रशिक्षण के कोर्स चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा भी देशभर में अनेकों निजी संस्थान पर्यटन के विभिन्न क्षेत्रों का प्रशिक्षण देती है। प्रशिक्षण के पश्चात सर्टिफिकेट भी दिए जाते हैं। राजस्थान पर्यटन विभाग समय-समय पर प्रदेश में गाइडों के प्रशिक्षण शिविर आयोजित करता है। जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त कर चयनित गाइडों को विभाग द्वारा गाइड का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। देश के अन्य राज्यों में भी इसी तरह के विभिन्न पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। जहां अध्ययन व प्रशिक्षण प्राप्त कर व्यक्ति पर्यटन के क्षेत्र में अपना कैरियर बना सकता है। आज के समय में जहां हर देश की पहली जरूरत अर्थव्यवस्था को मजबूत करना हैं वहीं आज पर्यटन के कारण कई देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती है।

भिखारी महिलाओं ने चुराई सोने की चेन

पुलिस ने चार महिलाओं की टोली को पकड़ा, 1 लाख से ज्यादा है कीमत

मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी। बिलासपुर में दुकान के सामने भीख मांगने का नाटक कर रही चार महिलाओं के एक गिरोह ने शातिर अंदाज में दुकानदार के गले से सोने की चेन पार कर दी। दुकानदार को इसका पता बहुत देर बाद चला, तो उसने पुलिस में इसकी रिपोर्ट की।

इसके बाद पुलिस ने चारों महिलाओं की पतासाजी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से सवा लाख रुपए मूल्य की चेन बरामद की गई। वारदात मुंगेली जिले के सरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत टिकैट पेंड्री में हुई।

बताया जाता है कि बलौदाबाजार, मुंगेली, बिलासपुर में महिलाओं का एक गिरोह सक्रिय था और वे लोग भीख मांगने का झांसा देकर लोगों के गहने चोरी कर रहे थे। ऐसे ही एक दुकानदार के गले से सोने की चेन पार करने वाली चार महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

भीख मांगने वाला हाथ गले तक पहुंचा: प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना सरगांव अंतर्गत शत्रुहन सिंह निवासी टिकैत पेंड्री जो अपने गांव में हार्डवेयर की दुकान चलाता है। रिपोर्ट दर्ज कराई कि 21 सितंबर के सुबह वह अपनी दुकान के सामने सफाई कर रहा था। इसी दौरान चार महिला दुकान के पास ताली बजाकर भीख मांगने लगी। इसी बीच एक महिला ने दुकानदार के पीठ, गर्दन को छूकर पैसे की मांगने करने लगी।

वारदात के बहुत देर बाद चोरी का पता चला: दुकानदार ने अपने पड़ोसी दुकानदार राकेश ध्रुव से उस महिला को 50 रूपए दिलवा दिए। इसके बाद वो महिलाएं वहां से चली गईं। कुछ देर बाद दुकानदार शत्रुहन ने अपने गले में पहने सोने की चेन का ध्यान आया तो चेन गायब थी।

रिपोर्ट के मुताबिक सोने की चेन का वजन 19.940 ग्राम और मूल्य 1 लाख 23 हजार रुपए था। इसकी वह खोजबीन करने लगा, नहीं मिलने पर उसे याद आया कि 4 महिलाएं जो भीख मांगने आई थीं, उन्हीं में से किसी ने उसकी चेन चोरी कर होगी।

रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह राजपूत ने आस पास से घटना के संबंध में जानकारी एकत्र कर, साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में संलिप्त भाटापारा जिला बलौदाबाजार की चार महिला संदेहियों को कस्टडी में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने चोरी करना कबूल लिया। महिलाओं के कब्जे से सोने की चेन बरामद कर ली गई।

इस मामले में नीरा सांवरा (35 वर्ष) सुमित्रा सांवरा (40) ललिता पति राम (35 साल) मानकी पति दउवा (32) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। आरोपियों को पकड़ने में सउनि अजय चौरसिया, सउनि मधुकर रात्रे, प्रधान आरक्षक अशोक कौशिक, राहुल यादव, भंवर लाल, पंकज निर्णेजक, महिला आरक्षक प्रतिमा का योगदान रहा।

खोंगापानी के अब्दुल लतीफ खान को मिला मोटराइज्ड ट्राई साइकिल

मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र। अब्दुल लतीफ खान पिता वशीर खान निवासी खोगापानी जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के दिव्यांग व्यक्ति को समाज कल्याण विभाग से मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिला। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 01 भरतपुर-सोनहत कि विधायिका रेणुका सिंह के खोंगापानी प्रवास के दौरान आवेदक ने अपना आवेदन विधायक के सामने प्रस्तुत किया था। जिस आवेदन को कलेक्टर ने जनदर्शन के दौरान संज्ञान में लेते हुए तथा मेडिकल बोर्ड के द्वारा दिव्यांग प्रमाण उपलब्धता के आधार में उप संचालक समाज कल्याण रमेश कुमार सिन्हा को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये।

निर्देश के परिपालन में उप संचालक समाज कल्याण ने अब्दुल लतीफ खान के द्वारा 26 सितंबर 2024 को मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र लेकर जिला समाज कल्याण कार्यालय मनेंद्रगढ़ में प्रस्तुत करने पर मोटराइज्ड ट्राई साइकिल प्रदाय कर दी गई है। दिव्यांग अब्दुल लतीफ खान को ट्राई साइकिल मिलने से उसके जीवन में गतिशीलता तथा आने जाने में सुविधा होगी। अब्दुल लतीफ खान और उसके परिवार ने मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिलने पर विधायिका रेणुका सिंह तथा जिला प्रशासन के सहयोग के लिए खुशी जाहिर करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

कैप्सूल वाहन ने टाइल्स मिस्त्री को कुचला

मौके पर तोड़ा दम, घर से काम के लिए निकला था, हिरासत में ड्राइवर

मीडिया ऑडीटर, जांजगीर-चांपा एजेंसी। जांजगीर-चांपा जिले के बिर्रा मुख्य मार्ग पर कैप्सूल वाहन बाइक सवार को कुचल दिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। ड्राइवर को पुलिस ने हिरासत में लिया है और वाहन को जब्त किया है। घटना बिर्रा थाना क्षेत्र की है।

जानकारी अनुसार शुक्रवार की दोपहर को बिर्रा मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार कैप्सूल वाहन ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार चक्के के नीचे आ गया। मृतक की पहचान बोरसी निवासी नारायण चंद्रा के रूप में हुई है, जोकि टाइल्स मिस्त्री का काम करता था।

आरोपी ड्राइवर मोके से हुआ फरार, पुलिस ने पकड़ा: टाइल्स मिस्त्री घर से काम को लेकर बिर्रा की ओर जा रहा था। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। वहीं कैप्सूल वाहन को लेकर चालक मौके से भाग निकला, जिससे बम्हनीडीह पुलिस की सहायता से पकड़ा गया। चालक के खिलाफ बिर्रा थाने में अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

फांसी पर लटकी मिली युवक की लाश

मां को घूमकर आने की बात बोलकर निकला था, विवाद के बाद आत्महत्या की आशंका

मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी। रायपुर में एक युवक की फांसी पर लटकी लाश मिली है। घर से मां को घूमकर आने की बात बोलकर युवक निकला था, लेकिन पेड़ पर लटकी हुई लाश मिली है। आशंका है कि युवक ने किसी से विवाद होने के बाद आत्महत्या की है। मामला उरला थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक, युवक शंकर दास मानिकपुरी उर्फ चीरा, आछोली गांव उरला का रहने वाला था। शंकर उरला थाना में चोरी के मामले में जेल की सजा काट चुका है। मृतक की मां ने बताया कि गुरुवार की दोपहर वह घर से खाना खाकर निकला। कुछ देर बाद घर वालों को सूचना मिली कि उसकी लाश अछोली स्थित दाऊ बाड़ा में एक पेड़ के सहारे लटक रही है।

साड़ी का बनाया फंदा: पुलिस ने बताया कि युवक की लाश पेड़ पर साड़ी के सहारे लटकी थी। घटना दोपहर साढ़े 3 बजे के आसपास की है। शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस आशंका जता रही है कि युवक का किसी से विवाद हुआ होगा। इसके बाद आत्महत्या की है। पुलिस युवक के घरवालों और दोस्तों से पूछताछ कर जानकारी जुटा रही है।

पुरानी बस्ती के टूरी-हटरी बाजार में भी लटकती मिली लाश: रायपुर में 58 साल के बुजुर्ग ने भी गुरुवार को फंदे में झूलकर फांसी लगा ली है। पुरानी बस्ती के टूरी-हटरी बाजार में बुजुर्ग की लाश रस्सी में लटकते हुए मिली। पुलिस मामले में हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल से जांच कर रही है। हालांकि पुलिस के शरीर में किसी भी तरह के चोट के निशान नहीं मिले है। यह पूरा मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का है।

जिले में वजन त्यौहार से 34000 हजार से अधिक बच्चे हुये लाभान्वित

मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र। संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के मार्गदर्शन तथा जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी शुभम बंसल के निर्देशन में 12 सितम्बर 2024 से वजन त्यौहार 2024 के प्रथम चरण में जिले के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार का आयोजन कराया जा रहा है। इस दौरान कुल 34000 हजार से अधिक बच्चों के पोषण स्तर के मापन हेतु बच्चों का वजन, ऊंचाई, लंबाई का मापन किया जा चुका है।

इसके द्वितीय चरण में जिले के सभी नर्सरी, किंडर स्कूलों तथा प्री-प्राइमरी स्कूलों में भी महिला एवं बाल विकास की टीम जाकर बच्चों के पोषण स्तर का मापन कर रही है। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी बंसल ने बताया कि वजन त्यौहार 2024 के माध्यम से बच्चों का उम्र के अनुसार वजन, उम्र के अनुसार ऊंचाई तथा ऊंचाई के अनुसार वजन का मापन किया जा रहा है। सभी अभिभावकों से अनुरोध है कि नजदीकी आंगनवाड़ी केन्द्रों में जाकर अपने बच्चों के पोषण स्तर का मापन अवश्य कराएं।

एमसीबी पुलिस ने चोर को भेजा जेल

मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के जानकारी अनुसार 21 सितंबर 2024 को प्रार्थी दीपक नामदेव आत्मज अनंतराम नामदेव उम्र 41 साल निवासी वार्ड नं. 10 कंचन दफाई खोंगापानी थाना झगराखाण्ड के द्वारा पुलिस चौंकी खोंगापानी में एक लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि 19-20 सितंबर 2024 के दरम्यानी रात को किसी अज्ञात चोर के द्वारा मेंन मार्केट खोंगापानी में स्थित उसके किराना दुकान की छत को तोड़कर दुकान में घुस कर दुकान के गल्ले में रखे नगदी रकम जिसमें सिक्कों व नोट के रूप करीब 30-40 हजार रू. की चोरी कर लिया है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना झगराखाण्ड में अपराध क्रमांक 99/24 धारा 331(4), 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज, सरगुजा अंकित गर्ग के दिशा निर्देश एवं पुलिस अधीक्षक एमसीबी चंद्रमोहन सिह के मार्ग दर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वाडेगावकर तथा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अलेक्सियुस टोप्पो के नेतृत्व में थाना प्रभारी झगराखाड निरीक्षक अमित कश्यप के द्वारा एक विशेष पुलिस टीम गठित कर अज्ञात आरोपी की गिरफतारी हेतु उसकी पतासाजी की जा रही थी, जो पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास एवं कड़ी मेहनत से संदेह के आधार पर आरोपी शिवशंकर उर्फ गुड्डा शर्मा आत्म स्व. हीरालाल शर्मा उम्र 45 साल निवासी ग्राम चुकान थाना भालूमाड़ा जिला अनुपपुर (म.प्र.) को भालूमाड़ा से पकड़कर उससे कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करते हुए दुकान से सिक्का एवं नोट सहित कुल 14500 हजार रूपए की चोरी करना स्वीकार करते हुए उसमें से 6000 हजार रूपए का चांदी का ब्रेसलेट खरीदना एवं बाकी पैसा खर्च हो जाना तथा चोरी की हुई 5-5 रूपये के कुल 400 सिक्के कुल दो हजार रूपए व लोहे का 01 नग प्लॉस व 01 नग लोहे का लम्बा पेचकश, 01 नग सफेद रंग का छोटा टार्च जिसे मेमोरेण्डम अनुसार आरोपी से बरामद किया गया। आरोपी शिवशंकर उर्फ गुड्डा शर्मा आत्मज स्व. हीरालाल शर्मा उम्र 45 साल निवासी ग्राम चुकान थाना भालूमाड़ा जिला अनुपपुर (म.प्र.) को को 25 सितंबर 2024 को गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय पेश किया गया ।

उक्त समस्त कार्यवाही में थाना प्रभारी झगराखाड निरीक्षक अमित कश्यप, चौकी प्रभारी खोंगापानी सउनि राकेश शर्मा, प्रधान आरक्षक अजय पोया, शम्भू नाथ यादव, चंद्रप्रकाश रत्नाकर, आरक्षक आनन्द कुर्रे, साधारण सिंह, महेश गुप्ता, जितेन्द्र ठाकुर, भूपेन्द्र यादव एवं महिला आरक्षक ईशिता श्रीवास्तव की सराहनीय भूमिका रही।

अस्पताल की लैब टेक्नीशियन से रेप

शादीशुदा महिला के घर पर जबरन घुसा सुपरवाइजर, बदनामी के डर से चुप रही पीड़िता

मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी। रायपुर के निजी अस्पताल में महिला लैब टेक्नीशियन से रेप हुआ है। शादीशुदा महिला से अस्पताल के सुपरवाइजर ने ही दुष्कर्म किया है। लैब टेक्नीशियन की शिकायत पर डीडी नगर थाना पुलिस ने रेप और एसटी/एससी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

आरोप है कि लैब टेक्नीशियन महिला पर सुपरवाइजर बुधराम साहू बुरी नीयत रखता था। उसने कई बार महिला के साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की थी, लेकिन बदनामी के डर से वह चुप रही।

बीते महीने की वारदात: इस बीच आरोपी अगस्त महीने में महिला से बातचीत के बहाने उसके घर चला गया। वहां महिला को अकेली पाकर उससे दुष्कर्म किया। इसके बाद महिला ने हिम्मत जुटाकर एफआईआर दर्ज करवाई।

पुरानी बस्ती थ्सराजस्थान पत्रिका राजेश देवांगन ने बताया कि महिला की शिकायत के बाद आरोपी बुधराम साहू को हिरासत में लिया गया। आरोपी से पूछताछ में जुर्म करना स्वीकार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया है।

उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित

मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के जानकारी अनुसार सर्वसाधारण आज जनता को सूचित किया जाता है। कि शासकीय उचित मूल्य दुकान बिछियाटोला विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ (आईडी क्रमांक.532002070) 05 सितंबर 2023 से शासकीय उचित मूल्य केल्हारी में अस्थायी व्यवस्था के तहत संलग्न है। ग्राम पंचायत बिछियाटोला में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु आबंटन किया जाना हैं।

जिसकी सूचना प्राप्त हैं। इस हेतु आदिम जाति सहकारी समिति, बहुउद्देशीय सहकारी समिति, महिला स्वयं सहायता समूह, वन सुरक्षा समिति एवं अन्य समितियों से आवेदन आमंत्रित कर नियमानुसार आबंटन की कार्यवाही किया जाना है। अतः उपरोक्त संबंधितों से 26 सितंबर 2024 से 10 अक्टूबर 2024 तक कार्यालयीन समय तक पंजीयन प्रमाण पत्र, पासबुक की छायाप्रति एवं अन्य सम्यक दस्तावेज सहित आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

मदिरा दुकानों में सीसीटीवी कैमरा वार्षिक मेंटनेंस हेतु निविदा आमंत्रित

मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र। वर्ष 2024-25 (कार्यादेश जारी तिथि से 31 मार्च 2025 तक) हेतु एमसीबी जिले की कुल 05 कम्पोजिट, 04 देशी तथा 09 विदेशी मदिरा दुकानों में लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरा, एन.व्ही.आर, मॉनिटर एवं उसके सम्बद्ध समस्त उपकरणों के वार्षिक रखरखाव (एएमसी) मेंटेनेंस के लिये निर्धारित प्रारूप में बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रस्तुत करने हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप, शर्ते एवं जिले की मदिरा दुकानों की सूची निविदा सूचना प्रकाशन के उपरांत कार्यालयीन समय में 09 अक्टूबर 2024 तक जिला आबकारी कार्यालय से रुपये 500 डिमांड ड्राफ्ट जो जिला प्रबंधक, सी.एस.एम.सी.एल. जिला एमसीबी को देय हो, जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 09 अक्टूबर 2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी सह प्रबंधक, सी.एस.एम.सी.एल. संयुक्त जिला कार्यालय एमसीबी (छ.ग.) नियत है। नियत तिथि एवं समय तक प्राप्त निविदा को उसी दिनाँक 09 अक्टूबर 2024 को अपरान्ह 04:00 बजे गठित समिति के समक्ष निर्धारित शर्तों के अधीन खोला जावेगा।

होटल व्यवसायी महिला से 21 लाख की ठगी

छत्तीसगढ़ी फिल्म डायरेक्टर पर एफआईआर, उधार मांगे थे रुपए, लौटाने कहा तो करने लगा आनाकानी

मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेंसी। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में 21 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। एक होटल व्यवसायी महिला से छत्तीसगढ़ी फिल्म प्रेम युद्ध के डायरेक्टर ने बिजनेस के नाम पर रुपए लिए। जब महिला रुपए वापस करने की मांग करने लगी, तो वह रुपए देने से आनाकानी करने लगा। महिला ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सेवाकुंज रोड पर रहने वाली 44 वर्षीय महिला होटल का संचालन करती है। 18 जून को उसके परिचित सुमित कुमार मिश्रा ने 15 दिनों के लिए जरूरी काम के नाम पर 21 लाख रुपए उधार लिए।

महिला ने अपनी मां के खाते से सुमित के कहने पर उसके बिलासपुर के मित्र आशीष शर्मा के खाते में नेट बैंकिंग के जरिए रुपए भेज दिए। 15 दिन का समय बीतने के बाद महिला ने रुपए वापस मांगे, 5 और 6 जुलाई को आशीष शर्मा ने केवल 20-20 हजार रुपए उसे फोन पे के माध्यम से लौटाए। तब पीड़िता को लगने लगा था कि वह ठगी का शिकार हो गई।

पीड़िता के द्वारा लगातार उधार के रुपए वापस मांगे जा रहे थे। 7 सितंबर को सुमित ने अपने फोन पे नंबर से पीड़िता को 10 हजार रुपए भेजे। उसे पूरी तरह एहसास हो गया कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। महिला ने सुमित मिश्रा और आशीष शर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

20 लाख 50 हजार रुपए अब भी बकाया: 21 लाख में 50 हजार रुपए ही फोन पे के माध्यम से वापस किया गया। ऐसे में अब भी पीड़िता को 20 लाख 50 हजार लेना है। पीड़िता ने अपनी रिपोर्ट में यह भी बताया कि रुपए वापस नहीं मिलने से उसके होटल संचालन और बच्चों की शिक्षा को लेकर आर्थिक समस्या झेलना पड़ रही है।

आरोपियों का पतासाजी की जा रही: इस संबंध में कोतवाली थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल ने बताया कि महिला 21 लाख रुपए ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस मामले में आरोपी फरार हैं और पुलिस उनकी पतासाजी कर रही है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

स्कूल के लिए निकला छात्र खारुन में डूबा

मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी। रायपुर की खारुन नदी में 9वीं का छात्र बह गया। दूसरे दिन शुक्रवार को भी उसका कोई सुराग नहीं मिला है। छात्र स्कूल जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन दोस्तों के साथ नहाने चला गया। एसडीआरएफ की टीम 24 घंटे से उसकी तलाश में सर्चिंग ऑपरेशन चला रही है।

सीएम सिद्धारमैया के खिलाफ लैंड स्कैम में एफआईआर

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस ने शुक्रवार, 27 सितंबर को मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण घोटाले मामले में एफआईआर दर्ज की है। कर्नाटक के एक स्पेशल कोर्ट ने लोकायुक्त टीम को जांच का जिम्मा सौंपा है। दरअसल, कर्नाटक गवर्नर थावर चंद गहलोत ने 16 अगस्त को इस घोटाले में सिद्धारमैया के खिलाफ जांच के आदेश दिए थे। सिद्धारमैया इसके खिलाफ हाईकोर्ट गए, लेकिन 24 सितंबर को अदालत ने भी कहा कि जांच का आदेश सही है, ये होनी चाहिए। सिद्धारमैया, उनकी पत्नी, साले और कुछ अधिकारियों का नाम एमयूडीए लैंड स्कैम में आया है। एक्टिविस्ट टीजे अब्राहम, प्रदीप और स्नेहमयी कृष्णा ने आरोप लगाया था कि सीएम ने एमयूडीए अधिकारियों के साथ मिलकर 14 महंगी साइट्स को धोखाधड़ी से हासिल किया। जांच के खिलाफ सिद्धारमैया की याचिका हाईकोर्ट में खारिज 24 सितंबर को हाईकोर्ट ने एमयूडीए स्कैम में सिद्धारमैया के खिलाफ जांच करने के लिए राज्यपाल थावरचंद गहलोत के आदेश को बरकरार रखा था। जस्टिस एम. नागप्रसन्ना ने राज्यपाल के आदेश के खिलाफ सिद्धारमैया की याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा, याचिका में जिन बातों का जिक्र है, उसकी जांच जरूरी है। केस में मुख्यमंत्री का परिवार शामिल है, इसलिए याचिका खारिज की जाती है।

बदलापुर एनकाउंटर- आरोपी के पिता की हाईकोर्ट से गुहार

मुंबई (एजेंसी)। बदलापुर में यौन उत्पीड़न के आरोपी अक्षय शिंदे के पिता ने शुक्रवार को बॉम्बे हाईकोर्ट से अपने बेटे को दफनाने के लिए जगह की मांग की। पिता का कहना था कि लोग अक्षय को दफनाने नहीं दे रहे हैं। आरोपी का शव ठाणे के एक अस्पताल के मुर्दाघर में रखा है। अक्षय के पिता की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस एमएम सथाये ने पुलिस को सुनसान जगह तलाशने और अंतिम संस्कार करवाने का आदेश दिया है। शिंदे पर ठाणे जिले के बदलापुर के एक स्कूल में दो नाबालिग लड़कियों का यौन उत्पीड़न करने का आरोप था। वह पुलिस हिरासत में था, जहां एनकाउंटर में उसकी मौत हो गई थी। सरकार ने कहा था कि अक्षय ने पुलिस की रिवॉल्वर छीनकर फायरिंग की। पुलिस ने सेल्फ डिफेंस में गोली चलाई और अक्षय मारा गया। इस घटना के बाद अक्षय के परिवार ने आरोप लगाया कि उसे कस्टडी में जमकर पीटा गया था। मामले को दबाने के लिए एनकाउंटर कर दिया गया। उसका शव भी नहीं देखने दिया।

हाईकोर्ट बोला- मेडिकल कॉलेजों में थ्रेट कल्चर के आरोप गंभीर

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के मेडिकल कॉलेजों में थ्रेट नेक्सस (धमकी देकर उत्पीड़न करने वाला गिरोह) को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट में गुरुवार (26 सितंबर) को सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस टी एस शिवगणनम की बेंच ने कहा कि अगर इनमें से एक भी आरोप सही पाया जाता है, तो यह मामला बेहद गंभीर है। कोर्ट ने राज्य सरकार से 21 नवंबर तक जवाब मांगा है। साथ ही नेशनल मेडिकल कमीशन और पश्चिम बंगाल मेडिकल काउंसिल को भी मामले में अपनी राय देने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता का आरोप- जूनियर डॉक्टरों का शोषण किया जाता है राज्य के मेडिकल कॉलेजों में थ्रेट कल्चर को लेकर एक डॉक्टर और एक सोशल वर्कर ने याचिका दायर की है।

मुयमंत्री डॉ. यादव ने रीजनल इंडस्ट्री कांलेव में आये उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों से की वन-टू-वन चर्चा

भोपाल (एजेंसी)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर रीज़नल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में आए उद्योगपतियों और निवेशकों से प्रदेश में निवेश तथा औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के संबंध में वन टु वन चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के एमडी श्री ए.एन. श्रीराम ने बताया कि बीना रिफाइनरी के विस्तारीकरण के साथ यहाँ युवाओं के कौशल विकास के लिए स्किल डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट की योजना है। ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन के कार्यकारी संचालक श्री एस. के. दास ने बातचीत के क्रम में बताया कि हटा में प्राकृतिक गैस उत्पादन वर्ष 2026-2027 तक प्रारंभ होगा, जिससे सरकार को राजस्व प्राप्ति के साथ ही स्थानीय स्तर पर रोज़गार की संभावनाएँ भी सृजित होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों की स्थापना एवं उससे सृजित होने वाले रोज़गार के संबंध में स्वस्ति एग्रो साइंस प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर डॉ. अनिल तिवारी, बारमाल्ट के एमडी श्री प्रमिल जिंदल से चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से प्रदेश में ऊर्जा और नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के लिए सनकाइंड ग्रुप के चेयरमेन एवं एमडी श्री हनीश गुप्ता, इंसोलेशन ग्रीन एनर्जी के चेयरमैन श्री मनीष गुप्ता, एल्पेक्स सोलर लिमिटेड के सीईओ श्री आदित्य सहगल ने भी रुचि अभिव्यक्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से प्रदेश में आईटी, सेमीकंडक्टर क्षेत्र में

अपार संभावनाओं को देखते हुए एसेड्स प्राइवेट लिमिटेड के एमडी श्री रौनक़ चौधरी एवं डाटा सेंट्रिक्स के एमडी श्री नवजोत सिंह सन्धू ने चर्चा की। अवनी एपेरल के एम.डी. श्री अज्ञात गुप्ता, पैसिफ़िक मेटास्टील के श्री जे.पी. अग्रवाल ने मानव संसाधन एवं खनन के संबंध में चर्चा की। वन-टू-वन चर्चा में युवाओं के कौशल विकास संबंधी गतिविधियों के संचालन की संभावनाओं के मद्देनज़र डिक्की मध्यप्रदेश के अध्यक्ष डॉ. अनिल सिरवैया से भी बातचीत हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने तथा एविएशन क्षेत्र की योजना के बारे में ईज़ माय ट्रिप के सीईओ श्री मनोज सोनी एवं फ्लाई ओला के प्रतिनिधि श्री एस राम से भी वन-टू-वन चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रदेश में सोर ऊर्जा संयंत्र तथा जबलपुर, इंदौर एवं ग्वालियर में अस्पताल निर्माण योजना से बंसल ग्रुप के प्रमोटर श्री सुनील बंसल ने रूबरू कराया।

दिल्ली की एयर क्वालिटी पर सुप्रीम कोर्ट बोला- हालात इमरजेंसी जैसे

नई दिल्ली (एजेंसी)। चार साल में पराली जलाने की घटनाएं 50 प्रतिशत कम हुई हैं, लेकिन समस्या बरकरार है। सीएक्यूएम के मुताबिक, 2020 में 87,632 मामले दर्ज किए गए थे, जबकि 2023 में ये 39,186 रह गए। सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को दिल्ली प्रदूषण मामले में सुनवाई हुई। पराली जलाने के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई न करने को लेकर कोर्ट ने कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि प्रदूषण की वजह से इमरजेंसी जैसे हालात हैं। सीएक्यूएम से पूछा कि पराली जलाने में क्या कोई कमी आई है? आप पराली जलाने के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं? लगातार बैठकें क्यों नहीं हो रहीं? आपकी कार्रवाई केवल कागज पर है और आप मूकदर्शक हैं। अगर आप यह मैसेज नहीं देते हैं

कि कानून का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, तो ये प्रावधान केवल कागज पर ही रह जाएंगे। पिछली सुनवाई के दौरान 27 अगस्त को कोर्ट ने कहा था कि दिल्ली-एनसीआर के पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड में कर्मचारी कम होने की वजह से ठीक से काम नहीं हो रहा। कोर्ट ने पांच राज्यों को आदेश दिया था कि वे खाली पड़ी नौकरियों को 30 अप्रैल 2025 तक भरें, ताकि प्रदूषण पर काबू पाया जा सके।

सीएक्यूएम का जवाब- 10 हजार से ज्यादा फैक्ट्रियां बंद करने को कहा सीएक्यूएम के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने बताया कि उन्होंने समिति बनाने के बाद 82 कानूनी आदेश और 15 सुझाव जारी किए हैं। उनकी टीम ने 19,000 जगहों का निरीक्षण किया है और 10,000 से ज्यादा फैक्ट्रियों को बंद करने का आदेश दिया है।

इस पर कोर्ट ने कहा कि सीएक्यूएम तीन साल से अस्तित्व में है, लेकिन इसने केवल 82 निर्देश जारी किए हैं। इतनी कार्रवाई काफी नहीं है। आयोग को और अधिक एक्टिव होने की जरूरत है। आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसके निर्देशों से प्रदूषण की समस्या कम हो रही है या नहीं।

कोर्ट बोली-घोष को मिल सकती है मौत की सजा

नई दिल्ली (एजेंसी)। आरजी कर के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को शुक्रवार (27 सितंबर) को सीबीआई की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने संदीप को जमानत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा, संदीप के खिलाफ लगाए गए आरोप गंभीर है। अगर ये साबित हो गए तो घोष को मौत की सजा हो सकती है। सीबीआई ने संदीप घोष और ताला पुलिस स्टेशन के पूर्व प्रभारी अभिजीत मंडल को 9 अगस्त को अरेस्ट किया था। इन दोनों पर आरजी कर हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर मामले में सबूतों से छेड़छाड़ और स्नद्धक्र दर्ज करने में देरी का आरोप लगा है। संदीप और अभिजीत 30 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए। जांच में खुलासा- पुलिस स्टेशन में डॉक्यूमेंट्स गलत तरीके से बनाए गए कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 9 अगस्त को

ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर मामले की जांच कर रही सीबीआई ने नए खुलासे किए हैं।

एजेंसी ने 25 सितंबर को सियालदह कोर्ट में दावा किया था कि ताला पुलिस स्टेशन में रेप-मर्डर मामले से जुड़े कुछ डॉक्यूमेंट्स गलत तरीके से बनाए और बदले गए थे सीबीआई ने बताया कि पुलिस ने मुख्य आरोपी संजय रॉय के कपड़े और सामान जब्त करने में दो दिनों की देरी की। समय पर उनकी जांच होती तो आरोपी के खिलाफ मजबूत सबूत मिल सकते थे। एजेंसी ने पुलिस स्टेशन का सीसीटीवी फुटेज सेंट्रल फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी में जांच के लिए भेजा है। सीबीआई अब संजय रॉय, मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और ताला पुलिस स्टेशन के प्रभारी अभिजीत मंडल के बीच किसी आपराधिक साजिश की जांच कर रही है।

महाराष्ट्र इलेक्शन- चुनाव आयोग ने चीफ सेक्रेटरी-डीजीपी से जवाब मांगा

मुंबई (एजेंसी)। चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र के मुख्य सचिव और डीजीपी से आदेश का पालन न करने पर जवाब मांगा है। मामला विधानसभा चुनाव को देखते हुए अधिकारियों के ट्रांसफर से जुड़ा है। इलेक्शन कमीशन ने आदेश दिया था कि, राज्य में उन अधिकारियों का ट्रांसफर किया जाए। जो या तो अपने होम टाउन में पोस्टेड हैं या वे अधिकारी जिन्हें एक जगह सर्विस करते हुए तीन साल से ज्यादा हो गया। चुनाव आयोग ने 31 अगस्त तक रिपोर्ट फाइल करने का समय दिया था। डीजीपी ने अभी तक अधूरी रिपोर्ट दी है। वहीं चीफ सेक्रेटरी का भी पूरी रिपोर्ट फाइल करना बाकी है। मुंबई में करीब 100 से ज्यादा अधिकारियों को ट्रांसफर नहीं

हुआ है। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है और उससे पहले चुनाव होने की संभावना है। चुनाव आयोग वर्तमान में चुनावों की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए दो दिन के दौरे पर है। जल्द ही चुनाव की तारीखों का ऐलान हो सकता है।

महा विकास अघाड़ी में सीट शेयरिंग पर चल रही बात महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर महा विकास अघाड़ी 18 से 20 सितंबर तक मुंबई में बैठक हुई थी। शिवसेना नेता संजय राउत ने बताया था कि गठबंधन में शामिल किस पार्टी को कितनी और कहां की सीटें मिलेंगी इसका फॉर्मूला तय किया जाएगा। सीट बंटवारे का फैसला उम्मीदवारों की जीत की संभावना के आधार पर तय होगा। एमवीए गठबंधन में उद्धव ठाकरे की शिवसेना , शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) और कांग्रेस शामिल हैं। लोकसभा चुनाव में 13 सीटें जीतने के बाद कांग्रेस का मनोबल बढ़ा है। इस वजह से पार्टी ज्यादा सीटें मांग रही है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस महाराष्ट्र की कुल 288 विधानसभा सीटों में से करीब 110- 120 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ना चाहती है।

दिल्ली एमसीडी स्टैंडिंग कमेटी इलेक्शन, भाजपा कैंडिडेट की जीत

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली नगर निगम की स्टैंडिंग कमेटी की अंतिम खाली सीट के लिए शुक्रवार (27 सितंबर) को वोटिंग हुई। भाजपा कैंडिडेट सुंदर सिंह को पार्टी के पार्षदों के सभी 115 वोट मिले, जबकि आप की निर्मला कुमारी को कोई वोट नहीं मिला। दरअसल, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने इस चुनाव में हिस्सा नहीं लिया था। इस जीत के साथ दिल्ली नगर निगम की 18 सदस्यीय स्थायी समिति में भाजपा के 10 मेंबर्स हो गए हैं। जबकि आप के केवल आठ सदस्य हैं। जिस सीट पर चुनाव हुआ वो भाजपा नेता कमलजीत सहरावत के पश्चिमी दिल्ली से सांसद चुने जाने के बाद खाली हुई थी। आम आदमी पार्टी ने चुनाव का बहिष्कार क्यों किया... यह चुनाव 26 सितंबर को होना था। जब पार्षद एमसीडी पहुंचे तो उनकी तलाशी ली गई। इसके बाद हंगामा हो गया। पार्षदों की चेकिंग इसलिए की गई थी कि कोई मोबाइल फोन तो नहीं ले जा रहा है। एमसीडी मेयर शैली ओबेरॉय जब सदन में दाखिल हुईं तो उन्होंने पार्षदों की सुरक्षा जांच पर चिंता जताई थी। उन्होंने दावा किया था कि ऐसा एमसीडी के इतिहास में पहली बार हो रहा है। हंगामे के बाद दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय ने यह इलेक्शन 5 अक्टूबर को कराने का आदेश दिया, लेकिन एलजी सक्सेना ने उनका फैसला पलट दिया। गुरुवार देर रात तक चले सियासी ड्रामे के बाद एलजी वीके सक्सेना ने निगम कमिश्नर अश्विनी कुमार को शुक्रवार दोपहर एक बजे चुनाव कराने का निर्देश दिया था। सिसोदिया बोले- दिल्ली नगर निगम में लोकतंत्र की हत्या एलजी के इस निर्देश पर दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम और आप नेता मनीष सिसोदिया ने नाराजगी जताई।

जम्मू-कश्मीर में 7 ठिकानों पर एनआईए की रेड

रियासी (एजेंसी)। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के 2 जिलों राजौरी और रियासी में सात जगह छापा मारा है। जिन लोकेशन पर तलाशी जारी है, वे हाइब्रिड आतंकवादियों और ओवर-ग्राउंड वर्कर्स से जुड़े हैं। यह छापेमारी 9 जून को रियासी में एक बस पर हुए आतंकी हमले से जुडी है। इस हमले में नौ तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी। बस रियासी के पौनी इलाके में शिव खोरी से कटरा जा रही थी। आतंकवादियों की गोलीबारी से बस खाई में गिर गई थी। इस हमले में 40 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे, जबकि 9 लोगों की मौत हो गई थी, इनमें बच्चा भी शामिल था। 17 जून से जांच कर रही है ओजीडी गृह मंत्रालय ने 17 जून को आतंकी हमले की जांच का जिम्मा एनआईए को दे दिया था। एजेंसी ने हाइब्रिड आतंकवादियों और ओजीडी से जुड़े पांच ठिकानों की तलाशी ली थी। इसी दौरान गिरफ्तार आरोपी हाकम खान उर्फ हकीन दीन से मिले इनपुट के बाद शुक्रवार 27 सितंबर को इन नए ठिकानों पर छापा मारा गया है। एनआईए की जांच में यह सामने आया था कि हाकम ने आतंकियों को पनाह, गोला-बारूद और खाना दिया था।

शाह बोले-हर अग्निवीर को पेंशन वाली नौकरी देंगे

कुरुक्षेत्र (एजेंसी)। हरियाणा चुनाव को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज शुक्रवार को 3 रैलियां की। रेवाड़ी में पहली रैली में शाह ने कहा- सेना में भर्ती होने वाले हर अग्निवीर को पेंशन वाली नौकरी देंगे। कांग्रेस वाले सेना का सम्मान नहीं करते। कांग्रेस ने सेनाध्यक्ष को गुंडा कहा था। हरियाणा में कांग्रेस सरकार में डीलर-दलाल नियुक्ति पत्र देते थे, लेकिन भाजपा में डाकिया देकर आता है।

भाजपा सरकार ने डीलर-दामाद का नामोनिशान मिटा दिया। शाह ने राहुल गांधी को चुनौती दी कि वह कांग्रेस शासित राज्यों में एमएसपी लागू करके दिखाएं। इसके बाद वे अंबाला के बराड़ा में पहुंचे। यहां शाह ने कहा- हरियाणा में जब कांग्रेस सरकार थी तो 3डी काम करती थी। जिसमें डीलर-

दलाल और दिल्ली में बैठा दामाद शामिल है। कांग्रेस दलितों पर अत्याचार करती है। लोग अभी गोहाना और मिर्चपुर कांड भूले नहीं हैं। शाह ने कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा के बहाने पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा को घेरते हुए कहा- हुड्डा की मानसिकता है कि दलित बहन सैलजा को प्रचार के लिए बुलाया तो वे हार जाएंगे। तीसरी रैली कुरुक्षेत्र के लाडवा में की। यहां शाह ने कहा- अमेरिका में राहुल गांधी ने सच बोला कि एससी और ओबीसी का विकास हो गया है, अब आरक्षण हटा देंगे।

शाह ने कहा कि जब तक भाजपा की मोदी सरकार है, तब तक आरक्षण खत्म नहीं होने देंगे। 4 दिन पहले भी अमित शाह हरियाणा में प्रचार करने पहुंचे थे। उन्होंने फतेहाबाद के टोहाना और यमुनानगर के जगाधरी में रैली की थी।

तिरुपति लड्डू विवाद- जगन को मंदिर जाने की इज़ाजत नहीं

तिरुपति (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी ने तिरुपति मंदिर का दौरा कैंसिल कर दिया। जगन रेड्डी ने कहा, पुलिस ने मंदिर यात्रा को लेकर राज्य भर के वॉयएसआरसीपी नेताओं को नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि हमें तिरुमाला मंदिर जाने की इजाजत नहीं है। राज्य में राक्षसों का राज जारी है। जगन कल यानी 28 सितंबर को तिरुपति के भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में विशेष अनुष्ठान करने वाले थे। इधर, आंध्र प्रदेश सरकार की बनाई हुई 9 सदस्यों वाली एसआईटी ने तिरुपति के प्रसादम में एनिमल फैट पाए जाने के मामले की जांच शुरू कर दी है। एसआईटी को गुंटूर रेंज के द्धत्र सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी लीड कर रहे हैं। लड्डू विवाद तब शुरू हुआ, जब सीएम चंद्रबाबू नायडू ने 18 सितंबर को यह आरोप लगाया कि वॉयएसआरसीपी कांग्रेस सरकार में तिरुपति मंदिर के लड्डू में जानवरों की चर्बी

वाला वनस्पति तेल और फिश ऑयल मिलाया गया था। सीएम बनने के बाद जगन पहली बार सितंबर 2019 में मंदिर गए थे। तब उन्होंने भगवान वेंकटेश्वर को पट्टू वस्त्रम भेंट किए थे। रेड्डी परिवार में पिता के बाद ऐसा करने वाले वे दूसरे सीएम थे। सीएम बनने के बाद जगन पहली बार सितंबर 2019 में मंदिर गए थे। तब उन्होंने भगवान वेंकटेश्वर को पट्टू वस्त्रम भेंट किए थे। रेड्डी परिवार में पिता के बाद ऐसा करने वाले वे दूसरे सीएम थे। जगन रेड्डी बोले- घर पर बाइबिल पढ़ता हूं लेकिन सभी धर्मों का सम्मान जगन रेड्डी ने आगे कहा, मेरी जाति को लेकर कई सवाल उठाए गए हैं। मैं घर पर बाइबिल पढ़ता हूं लेकिन हिंदू, इस्लाम और सिख धर्म का सम्मान करता हूं और उनका पालन करता हूं। संविधान के मुताबिक, अगर मुख्यमंत्री के बराबर के व्यक्ति को मंदिर में जाने की अनुमति नहीं है, तो मेरा सवाल है कि दलितों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता होगा। जगन के मंदिर जाने पर विवाद क्यों... जगन के मंदिर जाने की खबर सामने आने के बाद टीडीपी ने 26 सितंबर को कहा था कि जगन को एंट्री तभी मिलेगी, जब वे मंदिर के उस घोषणापत्र पर साइन करेंगे, जिसमें लिखा हो कि उन्हें भगवान बालाजी पर विश्वास है। पार्टी का आरोप है कि इतने साल से वे साइन किए बिना ही मंदिर में गए हैं।

भारत-बांग्लादेश के बीच दूसरे मैच के टॉस होते ही बने ये रिकॉर्ड्स, 9 साल बाद हुआ ऐसा

नई दिल्ली (एजेंसी)। कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। बारिश के बाद गीली आउटफील्ड के चलते टॉस में देरी हुई थी और जब टॉस हुआ तो कुछ ऐसे रिकॉर्ड्स बन गए जो रोमांचक हैं। दरअसल, टीम इंडिया ने टॉस जीता और कप्तान रोहित शर्मा ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। 9 साल बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि भारत ने होम टेस्ट मैच में टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी चुनी।

कप्तान रोहित शर्मा से पहले ये काम विराट कोहली कर चुके हैं। विराट कोहली ने 2015 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ बेंगलुरु में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। हालांकि, वह टेस्ट मैच ड्रॉ हुआ था। बारिश के चलते सिर्फ कुल 59 ओवर का ही मैच हो पाया था।

जबकि कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम की बात करें तो यहां 1964 के बाद ये पहला मौका है जब टॉस जीतने के बाद कप्तान ने पहले गेंदबाजी का चुनाव किया हो। 1964 में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के कप्तान मंसूर अली खान पटौदी ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। वह टेस्ट मैच भी ड्रॉ हुआ था। इसके अलावा ये भारत में होने वाले टेस्ट मैचों की बात करें तो महज पहला मौका है, जब बैक टू बैक दो टेस्ट मैचों में टॉस जीतने वाले कप्तान ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया हो। 1997 में इंडिया वर्सेस श्रीलंका तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में दो बार ऐसा हो चुका है, लेकिन तब ऐसा बैक टू बैक दो मैचों में नहीं हुआ था।

शाकिब अल हसन ने रिटायमेंट का किया ऐलान

नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। हालांकि, उनका ये रिटायमेंट तत्काल प्रभाव से नहीं है। टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से उन्होंने तत्काल प्रभाव से रिटायमेंट लेने की घोषणा कर दी है। शाकिब अल हसन भारत के खिलाफ 27 सितंबर से कानपुर में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट में खेलेंगे। इसके बाद बांग्लादेश के लिए वह एक और सीरीज साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपने घरेलू मैदान में खेलेंगे। जो कि उनके टेस्ट करियर की आखिरी सीरीज होगी। शाकिब अल हसन ने खुलास किया है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी घरेलू टेस्ट सीरीज इस प्रारूप में उनका आखिरी सीरीज होगी। इस घोषणा के अलावा इस अनुभवी ऑलराउंडर ने कानपुर टेस्ट मैच से पहले टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से तत्काल प्रभाव से संन्यास लेने की भी घोषणा की।

शाकिब भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले कानपुर में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अपने रिटायमेंट की जानकारी दी। दक्षिण अफ्रीका को अक्टूबर के मध्य में दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए बांग्लादेश का दौरा करना है। क्रिकबज के अनुसार, ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने गुरुवार को घोषणा की उन्होंने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड यानी बीसीबी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली घरेलू सीरीज के अंत के साथ टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की इच्छा जताई है।

विराट कोहली ने जमकर की प्रैक्टिस, इस बल्लेबाज ने 15 गेंदों में 4 बार किया बोल्ड

नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश के खिलाफ भारत 27 सितंबर को कानपुर में दूसरा टेस्ट खेलने उतरेगा। इससे पहले भारत ने बांग्लादेश को चेन्नई टेस्ट में मातदेकर सीरीज में अजेय बढ़त बना ली है। लेकिन पहले टेस्ट मैच में टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली कुछ कमाल नहीं दिखा पाए, उन्होंने पहली पारी में 6 तो दूसरी पारी में 17 रन ही बनाए। इसके बाद वह कानपुर टेस्ट के लिए जमकर प्रैक्टिस कर रहे हैं। दूसरे टेस्ट की तैयारी में जुटे कोहली को जसप्रीत बुमराह ने अपनी बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत बेहद परेशान किया। नेट्स में बुमराह ने कोहली को 15 गेंदों में 4 बार आउट किया। विराट कोहली स्पिनरों के खिलाफ अच्छी लय में नहीं दिखे। चेन्नई टेस्ट मैच में वे पहली पारी में पेसर और दूसरी पारी में स्पिनर की गेंद पर आउट हुए थे। अब उनसे उम्मीद है कि दूसरे मैच में बड़ा स्कोर बनाएंगे, लेकिन प्रैक्टिस सेशन में ऐसा नहीं दिखा। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, कोहली नेट्स में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खिलाफ 15 गेंदों में 4 बार आउट हुए। बुमराह की चौथी गेंद उनके पैड पर लगी और बुमराह ने चिल्लाते हुए कहा कि, सामने लगा है। बुमराह की इस बात को कोहली ने भी स्वीकार किया। दो गेंदों के बाद बुमराह के खिलाफ विराट का एक बाहरी किनारा लगा। अगली गेंद पर भी ऐसा ही कुछ देखने को मिला। इसके बाद जसप्रीत बुमराह ने अपनी लाइन मिडल एंड लेग पर रखी तो गेंद विराट के बल्ले से लगकर उनके करीब गिरी।

विराट कोहली ने जमकर की प्रैक्टिस

नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश के खिलाफ भारत 27 सितंबर को कानपुर में दूसरा टेस्ट खेलने उतरेगा। इससे पहले भारत ने बांग्लादेश को चेन्नई टेस्ट में मातदेकर सीरीज में अजेय बढ़त बना ली है। लेकिन पहले टेस्ट मैच में टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली कुछ कमाल नहीं दिखा पाए, उन्होंने पहली पारी में 6 तो दूसरी पारी में 17 रन ही बनाए। इसके बाद वह कानपुर टेस्ट के लिए जमकर प्रैक्टिस कर रहे हैं। दूसरे टेस्ट की तैयारी में जुटे कोहली को जसप्रीत बुमराह ने अपनी बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत बेहद परेशान किया। नेट्स में बुमराह ने कोहली को 15 गेंदों में 4 बार आउट किया। विराट कोहली स्पिनरों के खिलाफ अच्छी लय में नहीं दिखे। चेन्नई टेस्ट मैच में वे पहली पारी में पेसर और दूसरी पारी में स्पिनर की गेंद पर आउट हुए थे। अब उनसे उम्मीद है कि दूसरे मैच में बड़ा स्कोर बनाएंगे, लेकिन प्रैक्टिस सेशन में ऐसा नहीं दिखा। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, कोहली नेट्स में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खिलाफ 15 गेंदों में 4 बार आउट हुए। बुमराह की चौथी गेंद उनके पैड पर लगी और बुमराह ने चिल्लाते हुए कहा कि, सामने लगा है। बुमराह की इस बात को कोहली ने भी स्वीकार किया। दो गेंदों के बाद बुमराह के खिलाफ विराट का एक बाहरी किनारा लगा।

कानपुर टेस्ट में आर अश्विन 5 बड़े रिकॉर्ड तोड़ सकते, नाथन लॉयन का पछाड़ सकते हैं

नई दिल्ली (एजेंसी)। टीम इंडिया के स्पिनर आर अश्विन ने बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट में भारत की जीत में बेहद अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने पहली पारी में 113 रन की पारी खेली थी और इसके बाद दूसरी पारी में 6 विकेट भी झटके थे। इस दौरान अश्विन ने कई रिकॉर्ड भी तोड़े थे, उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में शेन वॉर्न के सबसे अधिक बार पारी में 5 विकेट लेने के रिकॉर्ड की बराबरी की थी। इसके साथ ही अब वह कानपुर टेस्ट में भी 5 बड़े रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। अश्विन ने पहले ही टेस्ट की चौथी पारी में सबसे ज्यादा विकेट झटकने वाले भारतीय गेंदबाज बन चुके हैं। चौथी पारी में सिर्फ एक और विकेट लेने से वह चौथी पारी में 100 विकेट पूरे करने वाले पहले भारतीय और कुल मिलाकर छठे गेंदबाज बन जाएंगे। अश्विन को बस तीन और विकेट चाहिए और वह बांग्लादेश के खिलाफ जहीर खान के 31 रेड-बॉल विकेटों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ सकते हैं। जहीर के नाम 31 विकेट हैं जबकि अश्विन के नाम बांग्लादेश के खिलाफ 29 विकेट हैं।

अश्विन अगर बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर टेस्ट में 4 और विकेट झटक लेते हैं तो वह मौजूदा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल में जोश हेजलवुड को पीछे छोड़ देंगे। अश्विन के नाम 52 विकेट हो जाएंगें और वो सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन जाएंगे। इसके साथ ही अश्विन दिवंगत शेन वॉर्न के 37 फाइव विकेट हॉक के रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं। उन्होंने चेन्नई टेस्ट में इस रिकॉर्ड की बराबरी कर ली थी। अगर कानपुर टेस्ट में अश्विन पांच विकेट लेते हैं तो पारी में तो वो आगे निकल जाएंगे।

विराट कोहली में से कौन है बेहतर? युवराज सिंह ने दिया ये जवाब

नई दिल्ली (एजेंसी)। जो रूट और विराट कोहली के टेस्ट स्टैट्स को लेकर अक्सर तुलना होती ही रहती है। दुनिया के तमाम दिग्गज खिलाड़ी इस पर अपनी राय भी रख चुके हैं। वहीं अब टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने भी इस पर अपनी राय रखी है। युवी ने बताया कि किस तरह से दोनों खिलाड़ियों की तुलना करना मुश्किल है। उन्होंने मौजूदा फॉर्म को देखते हुए जो रूट को भले ही बेहतर टेस्ट बल्लेबाज बताय हो, लेकिन साथ ही उन्होंने विराट कोहली की भी तारीफ की है। दरअसल, कुछ समय पहले इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने जो रूट को विराट कोहली से बेहतर बल्लेबाज बताया था। क्लब प्रेयरी फायर पॉडकास्ट में माइकल वॉन ने ये बात कही थी। उस दौरान एडम गिलक्रिस्ट भी मौजूद थे। जब युवी से विराट कोहली और जो रूट की तुलना को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि, अगर आप इंग्लैंड में खेल रहे हैं , तो इसमें को शक नहीं कि आप जो रूट का नाम लेंगे। लेकिन अगर आपको दुनिया भर में खेलना है तो मैं विराट कोहली को चुनूंगा। क्योंकि मुझे पता है कि कुछ ऐसे विकेट हैं, जहां पर वह विरोधी टीम को काफी ज्यादा नुकसान पहुंचा सकता है। युवी ने आगे कहा कि, ये सवाल काफी बहस वाला है। अगर मौजूदा फॉर्म को देखेंगे, तो बिल्कुल जो रूट को चुनूंगा। लेकिन अगर आप सभी फॉर्मेट पर नजर डालेंगे, तो मैं बिना किसी शक के विराट का नाम लूंगा। विराट कोहली इन दिनों भारत और बांग्लादेश टेस्ट सीरीज खेल रहे हैं।

डीआरएस फैसला देख हैरान रह गए रोहित शर्मा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और बांग्लादेश के बीच कानपुर में दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इस मैच के दौरान रोहित शर्मा ने एक ऐसा रिएक्शन दिया जिसाक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। फैंस रोहित शर्मा के इस रिएक्शन को काफी पसंद भी कर रहे हैं। रोहित के इस रिएक्शन की वजह गेंदबाज आकाशदीप हैं। दरअसल, आकाशदीप के कहने पर रोहित शर्मा ने बांग्लादेश के खिलाफ एक रिव्यू लिया जो सटीक बैठा और फैसला भारत के पक्ष में रहा। जिसके बाद कप्तान का रिएक्शन देखने लायक था।

कानपुर टेस्ट में खेलेंगे कुलदीप यादव?

नई दिल्ली (एजेंसी)। 27 सितंबर को भारत और बांग्लादेश के बीच कानपुर में दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा। लेकिन इस मुकाबले से पहले सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या कुलदीप यादव को इस मैच में मौका मिलेगा? वहीं इस सवाल का जवाब टीम इंडिया के असिस्टेंट कोच अभिषेक नायर ने दिया है। हालांकि, उन्होंने इस बात का खुलासा नहीं किया है कि कौन खेलेगा और कौन नहीं। लेकिन चेन्नई में तीन पेसर खेले थे, जबकि कानपुर ग्रीन पार्क की पिच के अनुसार यहां दो पेसर और तीन स्पिनरों के साथ टीम इंडिया मैदान पर उतर सकती है। दूसरे टेस्ट मैच से एक दिन पहले अभिषेक नायर ने कुलदीप यादव को लेकर कहा कि ये सब मैच की संभावनाओं के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ये सब मैच के दिन की परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि भारत को इस बात की भी जानकारी नहीं है कि वे ग्रीन पार्क में किस पिच पर खेलेंगे। जाहिर है सीरीज के निर्णायक मैच के लिए दो पिचें तैयार की गई हैं। पिच को देखने के बाद ही टीम मैनेजमेंट फैसला करेगा कि किस प्लेइंग इलेवन के साथ मुकाबला खेलना सही रहेगा। अभिषेक नायर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि, मैं अभी आपको प्लेइंग इलेवन नहीं बता सकता।

आईपीएल 2025 में कितने मुकाबले खेले जाएंगे?

नई दिल्ली (एजेंसी)। आईपीएल 2025 में कितने मुकाबले खेले जाएंगे, इसे लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। दरअसल, पिछले तीन सीजन की तरह ही आईपीएल 2025 में भी कुल 74 मैच खेले जाएंगे। हालांकि, ये संख्या आईपीएल द्वारा 2022 में सूचीबद्ध 84 मैचों से 10 कम है, जब 2023-27 साइकिल के लिए मीडिया राइट्स बेचे गए थे। वहीं नए मीडिया राइट्स के लिए जारी टेंडर डॉक्यूमेंट्स में आईपीएल के हर सीजन में अलग-अलग मुकाबलों की संख्या तय की गई थी। जहां 2023 और 2024 में 74-74 मुकाबले जबकि 2025 और 2026 में 84084 मैच और 2027 में सौदे के आखिरी साल के लिए ज्यादा से ज्यादा 94 मैच तय किए गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आईपीएल ने 2025 में 84 मैच न कराने का एक अहम कारण भारतीय अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को वर्कलोड मैनेज करने में मदद करना है। भारत 11 जून से लॉर्ड्स में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेलने की रेस में सबसे आगे चल रहा है और बीसीसीआई ये सुनिश्चित करना चाहता है कि अगर भारत फाइनल के लिए क्वालीफाई करता है तो खिलाड़ियों को आईपीएल के बाद तैयारी का पूरा मौका मिल सके।

ड्वेन ब्रावो ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट को कहा अलविदा

नई दिल्ली (एजेंसी)। वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया है। साथ ही उन्होंने आईपीएल में सीएसके टीम का साथ छोड़ केकेआर में बतौर मेंटर शामिल हो गए हैं। ब्रावो गौतम गंभीर की जगह लेंगे, जो हाल ही में केकेआर छोड़कर टीम इंडिया के हेड कोच बने हैं। इस हफ्ते की शुरुआत में लगी चोट के कारण ब्रावो का कैरेबियन प्रीमियर लीग का आखिरी सीजन छोटा हो गया। उन्होंने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर लिखा कि, आज वह दिन है जब मैं उस खेल को अलविदा कहता हूं जिसने मुझे सब कुछ दिया है। एक पेशेवर क्रिकेटर के रूप में 21 साल- ये एक अविश्वसनीय यात्रा रही, जिसमें कई उतार-चढ़ाव आए हैं। सबसे अहम बात ये है कि मैं अपने सपने को जी पाया क्योंकि मैंने हर कदम पर 100 फीसदी दिया। ब्रावो ने पिछले साल अपने आईपीएल करियर को खत्म करते हुए 2021 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से दूरी बना ली थी। उसके बाद से उन्होंने चेन्नई किंग्स और अफगानिस्तान टीम के साथ काम करते हुए कोचिंग में हाथ आजमाया। नाइट राइडर्स ग्रुप के सीईओ वेंकी मैसूर ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि, डीजे ब्रावो का हमारे साथ जुड़ना रोमांचक है। जीतने के लिए उनका अथक प्रयास, उनके विशाल अनुभव और गहन ज्ञान से हमारी फ्रैंचाइजी और खिलाड़ियों को बहुत लाभ होगा। केकेआर के अलावा ब्रावो सीपीएल, एमएलसी और आईएल20 में नाइट राइडर्स फ्रेंचाइजी की कमान भी संभालेंगे, जिससे चेन्नई सुपर किंग्स के साथ उनका लंबा जुड़ाव खत्म हो जाएगा। केकेआर में अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए ब्रावो ने कहा कि, मैं सीपीएल में पिछले 10 वर्षों से ट्रिनबागो नाइट राइडर्स का हिस्सा रहा हूं। कई लीगों में नाइट राइडर्स के लिए और उनके खिलाफ खेलने के बाद, मैं उनके काम करने के तरीके का बहुत सम्मान करता हूं।



खर्चों को करें नियंत्रित, ऋण की वसूली प्रक्रिया बढाये : कलेक्टर

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की 62वीं वार्शिक साधारण सभा संपन्न

मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र। कलेक्टर एवं प्रशासक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक श्री अनुराग वर्मा ने कहा कि बैंक की अंशपूंजी एवं अमानत में वृद्धि के साथ कालातीत कृषि-अकृषि ऋणों की वसूली पर बैंक और समितियों द्वारा विशेष प्रयास किये जायें। बैंक को सशक्त और समृद्ध करने खर्चे को नियंत्रित कर ऋण की वसूली की प्रक्रिया बढाई जानी चाहिए, ताकि किसानों के हित में तय लक्ष्यों की आसानी से पूर्ति की जा सके। शुक्रवार को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सतना की 62वीं वार्षिक साधारण सभा में कलेक्टर एवं प्रशासक ने वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा विवरण वर्ष 2023-24 की समीक्षा की। इस मौके पर उप पंजीयक सहकारिता अशोक शुक्ला, मुख्य कार्यपालन अधिकारी केसी शर्मा, विपणन अधिकारी एससी गुप्ता सहित सदस्य गण एवं बैंक के अध्किारी उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं प्रशासक श्री वर्मा ने कहा कि बैंक और समितियों के माध्यम से किसानों के हित में आगामी वर्षों के लिए तैयार कार्य योजना के लक्ष्यों को पाने के लिए समितियों और बैंकों को कार्य प्रणाली और गुणवत्ता में उत्तरोत्तर सुधार भी करने की जरूरत है। वर्ष 2025-25 के लिए प्रस्तावित वार्षिक कार्यक्रम की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि वर्ष 2024-25 के स्वीकृत लक्ष्यों को किन्हीं कारणों से पूरा नहीं कर पाने पर आगामी वर्ष के लक्ष्यों में कटौती नहीं की जाये। उन्होंने अंशपूंजी, अल्पकालीन ऋण, दीर्घकालीन, नकद साख विनियोजन के आगामी वर्ष के लक्ष्य भी पूर्व वर्ष की भांति रखने के निर्देश दिये। वार्षिक प्रतिवेदन 2023-24 के प्रस्तुतिकरण में कलेक्टर ने कृषि समितियों की सदस्य संख्या का लक्ष्य और ऋण वितरण के कम किये गये लक्ष्य को बढाने के निर्देश दिये। बैंक का वर्ष 2025-26 का प्रस्तावित बजट 46 करोड 20 लाख रूपये का प्रस्तावित किया गया है। कलेक्टर ने कहा कि बैंक के बकाया कालातीत ऋणों की वसूली में जारी आरआरसी की वसूली में तहसीलदार और राजस्व अधिकारियों का भी सहयोग लें। वार्षिक साधारण सभा की बैठक में वर्ष 2023-24 का अंकेक्षित लेन-देन विवरण पत्रक, हानि-लाभ पत्रक वर्ष 2023-24 में स्वीकृत बजट से अधिक आय-व्यय का समायोजन, वर्ष 2025-26 में समिति प्रबंधक संवर्ग कर्मचारियों को स्थापना व्यय का वार्षिक बजट एवं बैंक ऋण लेने की अधिकतम सीमा स्वीकृत की गई। इस अवसर पर कलेक्टर एवं प्रशासक अनुराग वर्मा ने बैंक के सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत सावधि अमानतदार, विगत 3 वर्ष के दौरान समय पर ऋण वसूली देने वाले श्रेष्ठ कृषक कृषि ऋण वसूली में श्रेष्ठ समितियां एवं श्रेष्ठ शाखाओं को पुरूस्कृत किया।

पत्नी के हत्यारे को उम्र कैद

घरेलू विवाद में नशेड़ी पति ने केरोसिन छिड़क कर पत्नी को जलाया था जिंदा

मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र। घरेलू विवाद में मारपीट कर पत्नी को केरोसिन छिड़क कर जिंदा जला देने के एक मामले में सतना जिले के नागौद की अदालत ने आरोपी पति को उम्र कैद और 5 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश नागौद अजय कुमार चौहान की अदालत ने थाना उचेहरा के अपराध-402/2020 में आरोपी अंजू उर्फ संजू कोल तनय मठौली कोल (40) निवासी घुइसा अहरी टोला थाना ताला जिला सतना मध्य प्रदेश को आईपीसी की धारा 302 के तहत दोषी करार दिया है। अदालत ने अभियुक्त को आजीवन कारावास एवं 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में मध्यप्रदेश राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक विनोद प्रताप सिंह ने की।

सहायक अभियोजन प्रवक्ता विनोद प्रताप सिंह ने बताया कि, मृतिका रेखा कोल अपने पति आरोपी के साथ ग्राम अहरी टोला थाना उचेहरा में रहती थी। उसका पति शराब पीने का आदी था और नशे में आए दिन मृतिका के साथ मारपीट करता था। विगत 13 अक्टूबर 2020 की रात साढ़े 8 से साढ़े 9 बजे के बीच दोनों के बीच फिर झगड़ा हुआ।

इसी दौरान आरोपी अंजू उर्फ संजू कोल ने घर में रखा केरोसिन उठाकर अपनी पत्नी रेखा के ऊपर डालकर आग लगा दी। रेखा बुरी तरह जल गई। उसके परिजन उसे अस्पताल ले गए जहां पता चला कि वह 88 फीसदी जल चुकी है। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट ने अस्पताल पहुंच कर रेखा के बयान दर्ज किए। इलाज के दौरान ही 17 अक्टूबर को रेखा की मौत हो गई।

पुलिस ने आईपीसी की धारा 307 के तहत दर्ज अपराध की धारा में इजाफा करते हुए धारा 302 का प्रकरण कायम किया और आरोपी पति अंजू उर्फ संजू कोल को गिरफ्तार कर लिया। विवेचना के बाद पुलिस ने प्रकरण अदालत में प्रस्तुत किया।

गौरव दिवस के आयोजन को लेकर हुई तैयारी बैठक

मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र। 5 अक्टूबर गौरव दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर मैहर गुरुनानक स्कूल में जिले के सभी विद्यालयों के प्राचार्य के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर रूप रेखा बनाई गई। इस दौरान विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह सहित नगर के गणमान्य नागरिक एवं प्राचार्य गण उपस्थित रहे।

विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने कहा कि मैहर जिले के 10 हजार छात्रों के द्वारा राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत के आयोजन को गिनीज बुक आफ रिकॉर्ड में दर्ज कराने की तैयारियां पूर्ण की जा रही है। उन्होंने कहा कि मैहर के लिए गौरव की बात है कि नवीन जिला मैहर के प्रथम वर्ष पूर्ण होने पर गौरव दिवस के आयोजन किया जा रहा है।

गौरव दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर ने स्व-सहायता समूह की ली बैठक

मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र। मैहर कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर रानी बाटड़ की अध्यक्षता में 5 अक्टूबर गौरव दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर स्व-सहायता समूह के साथ बैठक की गई। इस दौरान कलेक्टर ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह सहित जिले के मैहर, अमरपाटन एवं रामनगर स्वसहायता समूह के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह ने बताया कि 5 अक्टूबर 2024 को मैहर जिले की स्थापना के प्रथम वर्ष पूर्ण होने पर जिले में गौरव दिवस के रूप में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें विभिन्न प्रकार के खेल-कूद, खान-पान, वेश-भूषा, रंगोली, मेंहदी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होगा। जिसमें जिले के सभी नागरिक एवं स्कूल, गैर स्कूली बच्चे एवं छात्र-छात्रा भी प्रतिभागी हो सकते है। कार्यक्रमों के लिए आवेदन 29 सितंबर तक रजिस्ट्रेशन करवाना आवश्यक है। कार्यक्रमों की शुरुआत 5 अक्टूबर को प्रातः 6 बजे से मां शारदा देवी को नमन करते हुए वेद विद्यालय के उत्कृष्ट छात्रों द्वारा वेदमंत्रो के उच्चारण के साथ जिले के घंटाघर से चुनर यात्रा मां शारदा देवी मंदिर तक आयोजित की जायेगी। इसके उपरांत प्रातः 8 बजे मैहर के उस्ताद अलाउद्दीन खां खेल मैदान में सामूहिक रूप से 10 हजार छात्र-छात्राओं के द्वारा राष्ट्रगान का गायन किया जायेगा। प्रातः 10 बजे से खेल प्रतियोगितायें आयोजित की जायेगी। शाम 5 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं लेजर लाइट कार्यक्रम होगा, जिसमें मैहर के इतिहास को दिखाया जायेगा। इस दौरान स्थानीय व्यंजनों के स्टाल लगायेंगे। जो देशी खान-पान पर आधारित होंगे। जिला प्रशासन द्वारा अपील की गई है कि चुनर यात्रा में महिला को पारंपरिक परिवेश लाल या पीले रंग की साड़ी या सलवार शूट, पुरुषों को लाल एवं पीले रंग के कुर्ता एवं सफेद पैजामा पहनना अनिवार्य है एवं खाने के स्टाल वाले देसी दोने पत्तल में खाना सर्व कर सकते है ना की थर्माकोल और प्लास्टिक के। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर नगर के गौरव दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाएं। मैहर के गौरव दिवस के आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की फुल ड्रेस रिहर्सल 1 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे से मैहर के एकलव्य आदिवासी आवासीय विद्यालय के आडीटोरियम में की जायेगी।

विद्यालयों के परिसंपत्तियों के निर्माण में किए गए 7 करोड़ 65 लाख का घोटाला

मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र। भ्रष्टाचार की उधड़ने लगी परतें, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष के लगातार दबाव के बाद मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत के निर्देश पर कार्यपालन यंत्री आरईएस द्वारा गठित निरीक्षण दल द्वारा जांच प्रारंभ पहले दिन किए गए तीन विद्यालयों के निरीक्षण में पाई गई भारी अनियमितता। आखिरकार जिला पंचायत सतना की उपाध्यक्ष सुष्मिता डॉ पंकज सिंह परिहार के लगातार दबाव के चलते सतना और मैहर जिले के 255 विद्यालयों के परिसंपत्तियों के निर्माण में किए गए 7 करोड़ 65 लाख के महा घोटाले की जांच प्रारंभ कर दी गई। जांच के पहले दिवस कार्यपालन यंत्री आरईएस द्वारा एसडीओ आरईएस सलिल सिंह के नेतृत्व में गठित निरीक्षण दल द्वारा उचेहरा विकासखंड के तीन विद्यालयों शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अटरा, कुलगढ़ी और करही कला में किए गए निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया इस निरीक्षण में तीनों विद्यालयों में भारी अनियमितता देखने में आई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुलगढ़ी में तो शाशन द्वारा निर्माण कार्यों को प्राप्त 3 लाख की राशि में से लगभग 80% राशि खुर्द-बुर्द करने का मामला जांच के दौरान प्रकाश में आया, जांच दल के समक्ष विद्यालय में उपस्थित प्रभारी प्राचार्य द्वारा प्रस्तुत आधे-अधूरे दस्तावेजों से यह बात प्रमाणित हुई कि उक्त विद्यालय में परिसंपत्तियों के निर्माण के मामले में केवल खाना पूर्ति करते हुए शाशन द्वारा प्राप्त राशि का दुरूपयोग बड़े पैमाने पर किया गया है। लगभग यही स्थिति शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करही कला और अटरा में पाई गई जहां कि बड़े पैमाने पर शासकीय राशि का दुरूपयोग हुआ है। चर्चा के दौरान इसी शिक्षा समिति की सभापति और जिला पंचायत के उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार ने बताया कि मेरे कार्यकाल में किसी भी तरह की शासकीय राज का दुरुपयोग न होने पाए इसके लिए मैं कृत संकल्पित हूं और भ्रष्टाचार में लिफ्ट किसी भी दोषी अधिकारी कर्मचारी को किसी भी हालत में बक्सा नहीं जाएगा और प्रत्येक भ्रष्टाचारी को भ्रष्टाचार की कीमत भारी चुकानी पड़ेगी।

आईटीआई में प्रशिक्षण अधिकारियों के पदों की चयन परीक्षा के दल गठित

मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र। मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा प्रदेश के तकनकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अंतर्गत आईटीआई में प्रशिक्षण अधिकारियों के पदों की भर्ती चयन परीक्षा 30 सितंबर से 10 अक्टूबर 2024 तक सतना जिले के एक परीक्षा केन्द्र मां मीरा कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल वैष्णो देवी मंदिर डाली बाबा डेलौरा सतना में आयोजित होगी। आनलाईन परीक्षा प्रथम पाली में प्रातः 8.30 बजे से प्रातः 10.30 बजे तक, द्वितीय पाली में दोपहर 1 बजे से दोपहर 3 बजे एवं तृतीय पाली में सायं 4.30 से सायं 6.30 बजे तक आयोजित की जायेगी। परीक्षा के लिए रिपोर्टिंग का समय प्रथम पाली में प्रातः 7 बजे से 8.15 बजे, द्वितीय पाली में दोपहर 11.30 बजे से 12.45 बजे तक तथा तृतीय पाली में दोपहर 3 बजे से सायं 4.15 बजे तक नियत किया गया है। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन हेतु कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा द्वारा सहायक समन्वय, प्रशासनिक आब्जर्वर, उडनदस्ता दल तथा आब्जर्वर का गठन किया गया है।

कलेक्टर द्वारा जारी संशोधित आदेशानुसार परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन के लिए विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी है। उन्होंने परीक्षा के लिए अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे को सहायक समन्वयक, एसडीएम राहुल सिलाडिया को प्रशासनिक आब्जर्वर (उडनदस्ता), डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे को नोडल अधिकारी, सीएसपी महेन्द्र सिंह चौहान को सुरक्षा समन्वयक, प्राध्यापक गेहचन्द पटेल को आब्जर्वर, एनआईसी मनोहर को आब्जर्वर तकनीशियन, सहायक अधीक्षक विनोद चतुर्वेदी को प्रभारी कन्ट्रोल रूम, नाजिर रामलखन वर्मा को भुगतान, सहायक ग्रेड-3 दयाराम वर्मा को लिपिकीय, सहायक ग्रेड-3 आकाश यादव को आनलाईन तथा बृजलाल दहायत भृत्य की डयूटी लगाई गई है।

मैहर कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की फोन पर समस्यायें

मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र। मैहर कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष से कलेक्टर रानी बाटड़ ने शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक दूरभाष नंबर 07674-299232 के माध्यम से जन सुनवाई की। इस दौरान जिले भर से प्राप्त 6 शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना एवं संबंधित अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में आवेदक खरमसेडा, अमरपाटन निवासी नीलेश कुशवाहा ने बताया कि वर्षा के कारण घर गिर जाने से सहायता दिलाई जाये। ग्राम हिनौती पंचायत रामनगर निवासी नेपाल सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत हिनौती में हैण्डपंप खराब हैं जिसका सुधार करवाया जाये। वार्ड क्रमांक-10 अमरपाटन निवासी राजन शर्मा ने बताया कि वर्ष 2023 में आवास हेतु आवेदन किया गया था आवास लिस्ट में नाम होने के बावजूद भी आवास योजना का लाभ नहीं दिया गया है। ग्राम देउरा मैहर निवासी रज्जन कुशवाहा ने बताया कि आवास के लिए आवेदन 2022 में किया था लेकिन आज तक आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। लालपुर अमरपाटन निवासी विद्या चौरसिया ने बताया कि विवेक चौरसिया लालपुर में रहता हैं जिसने उसका सामान घर से फेंक दिया है तथा घर से निकाल रहे है। पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद निराकरण नहीं किया गया।

126 प्रकरणों में अत्याचार पीड़ितों को 1 करोड 26 लाख 6 हजार रूपये की सहायता स्वीकृत

मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र। अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 (अप्रैल 2024 से सितंबर 2024) में 126 प्रकरणों में अब तक 1 करोड 26 लाख 6 हजार रूपये की सहायता स्वीकृत की गई है। इस आशय की जानकारी कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न जिला सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक में दी गई। इस मौके पर जिला संयोजक कमलेन्द्र सिंह, एडीपीओ फखरुद्दीन, टीआई अजाक अनिल मिश्रा, अशासकीय सदस्य मुरारी सोनी, केशव कोरी, रामकलेश साकेत, बृजेश अहिरवार, लव सिंह गोड उपस्थित थे।

जिला सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक में बताया गया कि अप्रैल 2024 से सितंबर तक जिले में अत्याचार पीड़ितों के 126 प्रकरणों में अब तक 1 करोड 26 लाख 6 हजार रूपये की आर्थिक सहायता हितग्राहियों को स्वीकृत की गई है। जिसमें अनुसूचित जाति के 99 मामलो में 1 करोड 31 हजार रूपये और अनुसूचित जनजाति के 27 मामलों में 25 लाख 75 हजार रूपये की राशि योजना के प्रावधान के तहत स्वीकृत की गई है।

बैठक में बताया गया कि अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अंतर्गत जनवरी 2024 से सितंबर 2024 की स्थिति में अनुसूचित जाति वर्ग के 99 एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के 28 मामले पंजीकृत हुये हैं। जिसमें अनुसूचित जनजाति वर्ग के एक मामले और अनुसूचित जाति के 5 मामले 2 माह से अधिक समय से लंबित है। अनुसूचित जाति वर्ग के 73 और अनुसूचित जनजाति वर्ग के 16 मामलों में न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकरणों के डिस्पोजल में अधिक प्रयास करने की जरुरत है। प्रकरणों का निराकरण तीव्र गति एवं व्यक्तिगत रुचि लेकर निराकरण करने का प्रयास करें। कलेक्टर ने कहा कि अत्याचार निवारण अधिनियम के स्वीकृत प्रकरणों में लंबित भुगतान के लिए बजट आवंटन हेतु शासन को प्रस्ताव भेजें।

आईटीआई में प्रशिक्षण अधिकारियों की भर्ती चयन परीक्षा हेतु अधिकारियों को सौपे गये दायित्व

मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र। मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा प्रदेश के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अंतर्गत आईटीआई में प्रशिक्षण अधिकारियों के पदों की भर्ती चयन परीक्षा 30 सितंबर से 10 अक्टूबर 2024 तक सतना जिले के एक परीक्षा केन्द्र मां मीरा कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल वैष्णो देवी मंदिर डाली बाबा डेलौरा सतना में आयोजित होगी।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा द्वारा आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक को परीक्षा केन्द्र में 3 पुलिस गार्ड (2 पुरूष एवं 1 महिला) कर्मियों की डयूटी लगाई जाने, डीएसपी स्तर के अधिकारी को मानीटरिंग के लिए सुरक्षा समन्वय नियुक्त करने के निर्देश जारी किये है। इसी प्रकार सीएमएचओ को परीक्षा केन्द्र में कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के परीक्षा केन्द्र पर भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार परीक्षा के संचालन में उच्च मानकों एवं सुचिता से समझौता किये बिना अभ्यर्थियों एवं परीक्षा कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारी की सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैं। अधीक्षण यंत्री एमपीईबी को परीक्षा केन्द्र में विद्युत प्रवाह सतत रूप से बनाये रखने, प्रबंधक दूरसंचार को परीक्षा केन्द्र के आसपास 30 सितबंर से 10 अक्टूबर तक किसी भी प्रकार की इंटरनेट व्यवस्था अवरूद्ध न होने देने के निर्देश दिये है।

इसी प्रकार कमाण्डेट होमगार्ड को परीक्षा केन्द्र में दो पुरूष एवं एक महिला सैनिक की डयूटी लगाया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।